हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि
रोहतक, सोमवार 18 मई 2026

तापमान
अधिकतम 44.0 डिग्री
न्यूनतम 20.9 डिग्री

12 छावनी के विकास के लिए अंतिम सांस तक करता...



12 पूर्व विधायक ने कड़ासन में बीडीपीओ बनाने की...



## खबर संक्षेप

### लावारिस हालत में खड़े दस वाहन जब्त किए

**अंबाला।** रेलवे स्टेशन की सुरक्षा को चाक-चौबंद करने और किसी भी संभावित खतरे को टालने के लिए जीआरपी ने बड़ा अभियान चलाया है। स्टेशन परिसर की पार्किंग में लंबे समय से लावारिस हालत में खड़े लगभग 10 दोपहिया वाहनों को जीआरपी ने अपने कब्जे में ले लिया है। पुलिस को अंदेशा है कि ये वाहन किसी बड़ी वारदात को अंजाम देने के लिए इस्तेमाल किए जा सकते थे।

### पिता व पुत्री के शवों का पोस्टमार्टम करवाया

**पानीपत।** यमुना नदी के पानी में डूब कर काल का ग्रास बने पिता मनोज व पुत्री चांदनी के शवों का पुलिस ने रविवार को पोस्टमार्टम करवाया। स्मरणीय है कि मूल रूप से बिहार निवासी मनोज अपने परिजनों को साथ अमावस्य पर यमुना नदी में स्नान को गए थे, छोटी पुत्री को बचाने के चक्कर में जहां मनोज काल का ग्रास बन गए, वहीं पिता की सहायता के लिए नदी में उतरी चांदनी भी मौत के आगोश में समा गई।

### लेडी टीचर के साथ छेड़खानी, केस दर्ज

**पानीपत।** पानीपत जिला के एक सरकारी स्कूल में तैनात एक लेडी टीचर ने अपने ही सहकर्मी पीटीआई टीचर पर लंबे समय से मानसिक प्रताड़ना देने, अभद्र टिप्पणियां करने और गलत तरीके से छूने की कोशिश करने के गंभीर आरोप लगाए हैं। पुलिस ने आरोपी शिक्षक के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### ढाबे पर ट्रकों से लोहा चोरी करने वाले को दबोचा

**मुलाना।** साढौरा-मुलाना मुख्य मार्ग स्थित एक ढाबे पर ट्रकों से लोहा चोरी कर बेचने वाले एक बड़े गिरोह का भंडाफोड़ हुआ है। हिमाचल प्रदेश से लोड होकर आ रहे एक ट्रक से लोहा एंगल और चैनल उतारते हुए कंपनी के अधिकारियों ने ड्राइवर और ढाबा कर्मचारी को रंगे हाथों पकड़ लिया। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची मुलाना थाना पुलिस ने चोरी का माल कब्जे में लेकर आरोपियों को काबू कर लिया। आरोपियों की पहचान ठसका गांव निवासी अरुण क व प्रवीण के रूप में हुई।

### दंपति पर हमला कर किया घायल, केस दर्ज

**यमुनानगर।** गांव अकालगढ़ में कहासुनी होने पर तीन लोगों ने दंपति पर हमला कर घायल कर दिया। पुलिस ने मामले की जांच के बाद तीनों आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। गांव अकालगढ़ निवासी शहीद हसन ने सदर यमुनानगर थाना पुलिस में दी शिकायत में बताया कि उसका कुछ दिन पहले गांव के ही शोयब के साथ किसी बात को लेकर झगड़ा हो गया था। इसके बाद से आरोपी उससे रंजिश रखने लगा।

## मनाना गांव के ताऊ देवीलाल कॉलेज में भाईचारा स्नेह मिलन समारोह में उमड़ा जनसमूह

# सद्भावना से ही तरक्की होगी: कैप्टन अभिमन्यु

यदि मराठाओं ने पानीपत के तीसरे युद्ध से पहले महाराजा सूरजल की सामाजिकता, सद्भावना, दूरदर्शीता, युद्ध की रणनीति पर दी गई सलाह मान ली होती तो युद्ध में मराठाओं की जीत होती और आज भारत का इतिहास कुछ और ही होता

महाराज सूरजमल अपने बुद्धि कौशल के चलते 36 बिरादरी के लोगों को अपने साथ रखते थे, यहीं सद्भावना राजासाहब की सफलता का राज था और इतिहास ने उन्हें सम्राट कहा।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत

पानीपत के गांव मनाना गांव स्थित जाट धर्मार्थ सभा व ताऊ देवी लाल मेमोरियल कॉलेज परिसर में रविवार को भाईचारा स्नेह मिलन समारोह का आयोजन हुआ। वहीं, समारोह में मुख्य अतिथि भाजपा के वरिष्ठ नेता व पूर्व वित्त मंत्री कैप्टन अभिमन्यु ने सद्भावना, दया, दान, दूरदर्शीता, सेवा, त्याग, तप, संघर्ष, रणनीति विषय पर विस्तार से चर्चा करते हुए कहा कि यदि मराठाओं ने पानीपत के तीसरे युद्ध से पहले महाराजा सूरजल की सामाजिकता, सद्भावना, दूरदर्शीता, युद्ध की रणनीति पर दी गई सलाह मान ली होती तो युद्ध में मराठाओं की जीत होती और आज भारत का इतिहास कुछ और ही होता। उन्होंने कहा कि महाराज सूरजमल अपने बुद्धि कौशल के चलते 36 बिरादरी के लोगों को अपने साथ रखते थे, यहीं सद्भावना राजासाहब की सफलता का राज था और इतिहास ने उन्हें सम्राट कहा।

*पूर्व वित्त मंत्री ने सद्भावना, दया, दान, दूरदर्शीता, सेवा, त्याग, तप, संघर्ष, रणनीति विषय पर विस्तार से की चर्चा*

### हम हंसी का पात्र क्यों बने?

कैप्टन अभिमन्यु ने अल्पज्ञान रखने वाले हल्के फुल्के कॉमेडियन सोशल मीडिया पर महापुरुषों के समाज को अपनी कमाई के चक्कर में उनको गुंडा बताने की कोशिश करते हैं। उनको किराएबाज बताने की कोशिश करते हैं। उनको कब्जा करने वाले लोग बताने की कोशिश करते हैं। ये, हमारे नौजवान पीढ़ी को अतोत्साहित करने की कोशिश करते हैं, निरुत्साहित करने की कोशिश करते हैं, नीचा दिखाने की कोशिश करते हैं, हम हंसी का पात्र क्यों बने? जबकि हम ऐसे समाज से संबंध रखते हैं जिन्होंने समाज को दिशा दिखाने का काम किया है, समाज को सदा साथ लेकर के चलने का काम किया है। छत्तीस बिरादरी के सहयोग से ही चौधरी चरण सिंह भारत के प्रधानमंत्री बने थे। चौ. देवीलाल ने छत्तीस बिरादरी को साथ लेकर तत्कालीन राजीव गांधी की सवा चार सौ के सांसदों की बहुमत वाली सरकार से लोहा लेने का काम किया।



पानीपत। भाईचारा स्नेह मिलन समारोह में मंचासीन कैप्टन अभिमन्यु व अन्य। फोटो: हरिभूमि

### संवाद से ही सद्भाव बनेगा

कैप्टन अभिमन्यु ने कार्यक्रम में उमड़ी भीड़ का आभर जताते हुए कहा कि मैं सारे विषय को एक कार्यक्रम में नहीं रख सकता हूं। जो मेरे सीने में दफन है। बहुत सारी बातें हैं। एक मंच पर रख नहीं पाऊंगा, वहीं, आपके हर एक जिले में जाऊंगा। जिले से कस्बों में जाऊंगा। जरूरत पड़ी तो दिल्ली, राजस्थान और उत्तर प्रदेश में भी जाऊंगा। वहीं, अपने समाज को, अपने मूल समाज को इकट्ठा करके समाज की जो बड़ी संस्कृति थी, उस भाईचारे की संस्कृति में सबको जोड़ने का काम आप सब साथ में कर रहे हैं। उन्होंने समाज को सद्भावना के साथ रहने का संदेश देते हुए कहा कि आपस में लडो मत, यदि कोई बात है तो आपस में संवाद कर उसका हल करों। एक-दूसरे की सुना और कहो, संवाद से ही सद्भाव बनेगा।

### तैमूर लंग की मौत का किस्सा सुनाया

कैप्टन अभिमन्यु ने तैमूर लंग की मौत का इतिहासिक किस्सा सुनाते हुए कहा कि तैमूर लंग को सन 1398 में पश्चिम यूपी के वर्तमान में मेरठ व बागपत जिलों के तहत आने वाले चौगामा क्षेत्र की 36 बिरादरी ने लोगों ने एकजुट होकर 60 हजार की पुरुष सेना व 40 हजार की मातृ शक्ति सेना बनाई और तैमूर से युद्ध किया। युद्ध में वीर हरवीर गुलिया ने तैमूर को घायल कर दिया और यह चोट ही तैमूर की मौत का कारण बनी। उन्होंने कहा कि तैमूर को जो चोट वीर हरवीर ने मारी थी असल में वह चोट सर्व खाप यानि 36 बिरादरी की एकजुटता की थी।

### हिंसा किसी मसले का हल नहीं

कैप्टन अभिमन्यु ने कहा कि हिंसा किसी मसले का हल नहीं है, हिंसा हरियाणा की संस्कृति भी नहीं है, सद्भावना की राह ही तरक्की का रास्ता है। इस अवसर पर ताऊ देवी लाल कॉलेज के संस्थापकों में रहे प्रेम राठी, जय प्रकाश मलिक, सुरेश मछरौली, बलराज मछरौली, मनोज जौरासी, सुभाष कुहाड, राजेंद्र छोक्कर, मुकेश राठी, सुमेर सरपंच पुठर, महावीर आटा, देवेंद्र खर्ब, सुरेश वर्मा पूर्व मेयर पानीपत, प्रताप दहिया, सुधर मलिक सरपंच पति उग्रखेड़ी, आजाद मलिक पूर्व सरपंच रिसालू, देव मलिक पूर्व पार्षद राजा खेड़ी, जय किशन अहलावत बबैल, जीत सिंह अहलावत बबैल, शेर सिंह बाजवा, रणवीर सिंह सिंहरोहा समेत बड़ी संख्या में नागरिकों ने भाग लिया।



पानीपत। कैप्टन अभिमन्यु का स्वागत करते हुए सिख सरदारी। फोटो: हरिभूमि

### आज के समाज को अपने इतिहास से लेना चाहिए एकता का सबक

कैप्टन अभिमन्यु ने कहा कि आज के समाज को अपने इतिहास से एकता का सबक लेना चाहिए, सर्व खाप के एक जुट होने से 36 बिरादरी एकजुट होती है और इतिहास को बदल देती है। उन्होंने चेताया एक-दूसरे से जलन, रंजिश, टीका टिप्पणी से हमारे अंदर द्वेष भावना बढ़ती है और हम कमजोर होते है। उन्होंने बागपत जिले के गांव बिजरौल के महान स्वतंत्रता सेनानी बाबा शाहमल तोमर के द्वारा सन 1857 के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम में दिखाई वीरता की गाथा सुनाई। कैप्टन अभिमन्यु ने महाराज नाहर सिंह, राव तुलाराम की वीरता की गाथा सुनाते हुए कहा कि हमारे वीरों के साथ इतिहासकारों ने अन्याय किया है। इतिहासकारों ने हमारे सर्व खाप के इतिहास को दबाने की कोशिश की है। हमारे 36 जात के भाईचारे को हमेशा उन्होंने दिखाने से परहेज किया है। क्योंकि इतिहासकारों में कहीं न कहीं ऐसी साजिशे रची कि हिंदुस्तान को कमजोर किया जाए। उन्होंने महाराजा महेंद्र प्रताप, महाराजा धौलपुर उदय सिंह के प्रेरणाद्रायक जीवन की विस्तार से जानकारी देते हुए कहा कि इतिहास से सबक लेते हुए हमें अपनी ताकत को समझना चाहिए और अपनी कमजोरियों को भी समझना चाहिए। उन्होंने कहा कि महाराजा महेंद्र ने भारत में सबसे पहला टेक्निकल कॉलेज खोला, वहीं, राजासाहब ने यूएनओ के बनने से पहले जो पहली यूनाइटेड नेशंस वर्ल्ड की जो ऑर्गेनाइजेशन बनाई थी जिसका नाम लीग ऑफ नेशंस उन्होंने रखा था। राजा महेंद्र ने पूरी दुनिया का संगठन बनाने का काम किया। अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी के लिए भूमि भी उन्होंने ही लीज पर दी थी। उन्होंने कहा कि शिक्षा के प्रति समर्पण, शिक्षा के प्रति आधुनिक सोच और आधुनिक सोच को लेकर के नए अपने समाज को नई पीढ़ी को नई दिशा देने का काम किया, वह हमारे पूर्वजों ने किया। उन्होंने कहा कि रोहतक में सन 1911 में जाट एंग्लो वैदिक कॉलेज बनाया और इस में सभी बिरादरियों के युवा शिक्षित हुए। जबकि दिल्ली में बिरला मंदिर की नींव उस समय से सबसे सात्विक राजा राणा राव उदय सिंह ने रखी थी।

### किसान को जमींदार कहलवाने का हक भी सर छोटूराम ने ही दिलवाया

कैप्टन अभिमन्यु ने कहा कि सर चौधरी छोटूराम कहा करते से भोले किसान बोलना ले सीख और दुश्मन को ले पहचान। सभी को दीनबंधु की नसीहत का ध्यान रखते हुए ऐसे लोगों से सावधान रहना चाहिए और निजी स्वार्थों के लिए समाज को तोड़ रहे है। उन्होंने कहा कि समाज के हर वर्ग को लड़ना नहीं चाहिए, बल्कि बोलना चाहिए, हकों के लिए आवाज उठानी चाहिए, जरूरत पड़ने पर चीख, चितकार कर, चिल्लाना चाहिए। किसान को जमींदार कहलवाने का हक भी सर छोटूराम ने ही दिलवाया था। कैप्टन अभिमन्यु ने कहा कि खेती किसानी हमारा पहला पेशा जरूर है, वहीं, अब दौर बदल गया है, अर्थव्यवस्था बदल गई है। वहीं, लोगों को अब कमर्शियल होना होगा, खेती के साथ व्यापार करना होगा। हालांकि पानीपत में किसान वर्ग लगातार पेशेवर होता जा रहा है।

### सोशल मीडिया पर परोसी जा रही गंदगी की अनदेखी करें

*कैप्टन अभिमन्यु ने सोशल मीडिया से दुनिया की बड़ी-बड़ी कंपनियां चल रही है, इनका मॉडल है कि जितने अपशब्द हो उन्हें आगे बढ़ाओ, ऐसा करने पर इनका ज्यादा डाटा बिकेगा, ज्यादा कमाई होगी। इसलिए गलत बात को बढ़ाएंगे। उन्होंने नागरिकों से आह्वान किया कि वे सोशल मीडिया पर परोसी जा रही गंदगी की अनदेखी करें।*

### हमारे पूर्वजों ने सभी को साथ लेकर चलने के संस्कार दिए

कैप्टन अभिमन्यु ने कहा कि हमारे पूर्वजों ने सभी को साथ लेकर चलने के संस्कार दिए है। हरियाणा और हमारे इलाके के इतिहास के अंदर कभी जातीय हिंसाओं का इतिहास नहीं रहा। हम खाट खटोले पर बैठते हैं तो सिराना और पाया देख करके बैठते हैं। हरियाणा में प्रथा थी कि कौन नेक नाते में बड़ा है और कौन छोटा है। यह हमारी मूल परंपराएं हैं और यह हमारा जो मूल है, जो हमारा मूल समाज है, हरियाणा प्रदेश, आज वह कहीं न कहीं एक राजनीति का शिकार हो गया। किसी ने उसको पैंतीस एक का नाम दे दिया, किसी ने कोई नाम दे दिया, किसी ने कोई नाम दे दिया, लेकिन साथियों राजनीति तो राजनीतिक लोग अपने-अपने तरीके से करेंगे।

# कनेक्शन के लिए दर-दर भटक रहा किसान

**कलेसरा के किसान ने की सरकार से नलकूप पर बिजली का कनेक्शन दिए जाने की मांग**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रादौर

रादौर क्षेत्र के गांव कलेसरा में किसान को नलकूप पर बिजली निगम द्वारा खंबे व तारें लगाने के बावजूद कनेक्शन नहीं दिया गया। नलकूप पर कनेक्शन लेने के लिए किसान बिजली निगम के चक्कर लगाने को मजबूर है। उन्होंने हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और बिजली निगम के उच्चाधिकारियों से उसके नलकूप का कनेक्शन जल्द दिलवाए जाने की मांग की।

कलेसरा के किसान बलिंद्र कुमार को ट्यूबवेल कनेक्शन के लिए खंभे व तारे उपलब्ध करवा दी हैं, लेकिन एक महीना बीत जाने के बावजूद आज तक निगम की ओर से खंभों पर न तो ट्रांसफार्मर रखा गया और न ही उसे कनेक्शन दिया गया।

उसने बताया कि कनेक्शन लगवाने के लिए वह कई बार एसडीओ व जेई से मिल चुका है। मगर उसे आश्वासन के अलावा कुछ नहीं मिला है। इस संबंध में भाकियू (चढ़ूनी) के जिला प्रधान संजू गुंदयाना के नेतृत्व में जल्द ही यूनियन का प्रतिनिधिमंडल निगम के एसई से मिलेगा। वहीं, इस संबंध में बिजली निगम के जेई अमित कुमार ने बताया कि एसडीओ से बात करके किसान को जल्द से जल्द ट्रांसफार्मर व कनेक्शन उपलब्ध करवाया जाएगा।



यमुनानगर। गांव कलेसरा में कनेक्शन दिए जाने और ट्रांसफार्मर रखे जाने की बाट जोहते लगाए गए खंभे।

# फर्जी दस्तावेजों से बिजली कनेक्शन लेकर करोड़ों की जमीन हड़पने का लगाया आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुननगर

**पुलिस ने एक आरोपी के खिलाफ किया धोखाधड़ी का केस दर्ज**

यमुनानगर में फर्जी दस्तावेज तैयार कर बिजली कनेक्शन लेने और करोड़ों रुपये की जमीन पर कब्जा करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने शहर की एकता विहार कॉलोनी निवासी जागृति बख्शी की शिकायत पर फरीदाबाद के सेक्टर आठ निवासी योगेश शर्मा के खिलाफ धोखाधड़ी, जालसाजी और फर्जी दस्तावेज तैयार करने की धाराओं के तहत केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। गांधी नगर पुलिस थाने में दी शिकायत में एकता विहार कॉलोनी निवासी जागृति बख्शी ने बताया कि उसकी पुश्तैनी संपत्ति गांव आबाद किरायेदार एकता विहार कॉलोनी के पास है। उसकी बहन का विवाह वर्ष 1974 में हुआ था और बाद में उसकी मौत हो गई थी। बहन के हिस्से की जमीन का कोई वारिस नहीं था। आरोप है कि इसी जमीन को हड़पने की नीयत से फरीदाबाद के सेक्टर आठ निवासी योगेश शर्मा ने फर्जी तरीके से दस्तावेज तैयार किए। आरोपी ने फर्जी दस्तावेजों के आधार पर बिजली विभाग से दुकान के नाम पर बिजली कनेक्शन हासिल कर लिया। कनेक्शन लेने के लिए गलत कागजात लगाए गए। बिजली विभाग से मिलीभगत कर कनेक्शन कटवाने और रिकॉर्ड में फेरबदल करने का आरोप लगाया गया है।

### तेज रफ्तार कार की टक्कर से साइकिल सवार युवक की मौत

**कुरुक्षेत्र।** ढांड रोड पर कमोदा के समीप तेज रफ्तार कार की टक्कर से साइकिल सवार युवक की मौत हो गई। कार ने दूसरी गाड़ी को ओवरटेक करते हुए साइकिल के पीछे टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही युवक सड़क पर गिर गया और उसका साइकिल काफी दूर जाकर गिरा। मृतक की पहचान बिहार के समस्तीपुर के रहने वाले 30 साल अजय सदा के रूप में हुई है। पिछले साल ही अजय के घर बेटे का जन्म हुआ था। अजय अपने पीछे पत्नी रंजन देवी, बेटा आदर्श, बेटी अंकुश (2) व इंद्रो को छोड़ गया। परिवार के पालन-पोषण के लिए ही अजय कुरुक्षेत्र आया था। यहां चावल के गोदाम में काम करता था। दरभंगा के रहने वाले बलराम कुमार ने पुलिस को बताया कि ढांड रोड पर चावल गोदाम में बिहार के 11 मजदूर काम करते हैं। अजय सदा भी उनमें शामिल था। अजय साइकिल पर कमोदा अड्डा की तरफ सामान लेने निकला था। गोदाम से मेन सड़क पर उतरने के बाद करीब 100 मीटर ही आगे पहुंचा था। ड्राइवर ने उसके आगे चल रही दूसरी कार को तेज स्पीड से ओवरटेक किया। इसी दौरान कार दूसरी साइड में आ गई और साइकिल पर जा रहे अजय को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि अजय साइकिल समेत दूर जा गिरा। उसके सिर और गर्दन में गंभीर चोटें आईं। घायल अजय को तुरंत एलएनजेपी अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

- परिवार के पालन-पोषण के लिए ही अजय आया था कुरुक्षेत्र

## गुरुकुल में प्राकृतिक खेती पर मंथन | राज्यपाल आचार्य देवव्रत से मिले कृषिमंत्री श्याम सिंह राणा

# गुजरात मॉडल की तर्ज पर हरियाणा में बनेगा क्लस्टर सिस्टम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरुक्षेत्र

हरियाणा में प्राकृतिक खेती को बड़े स्तर पर बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए गुरुकुल कुरुक्षेत्र में गुजरात के राज्यपाल श्री आचार्य देवव्रत के साथ हरियाणा के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा कृषि विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों के बीच अहम मंथन हुआ। बैठक में निर्णय लिया गया कि गुजरात की तर्ज पर हरियाणा में भी क्लस्टर सिस्टम लागू कर किसानों और कृषि विशेषज्ञों को एक मंच पर लाकर प्राकृतिक खेती का व्यापक विस्तार किया जाएगा।

बैठक में हरियाणा के कृषि विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव विजेन्द्र कुमार आईएएस, डीजी हॉर्टिकल्चर रणवीर सिंह, डॉ. मनोज कुमार, डॉ. रामप्रकाश, पद्मश्री डॉ. हरिओम, डॉ. बलजीत सहारण, डीडीए डॉ. आदित्य डबास, डीएचओ डॉ. शिवेन्दु प्रताप सहित अनेक अधिकारी एवं विशेषज्ञ उपस्थित रहे। इस दौरान यह तय किया गया कि सबसे पहले कृषि विभाग के अधिकारियों को गुरुकुल कुरुक्षेत्र स्थित प्राकृतिक कृषि ट्रेनिंग सेंटर में विशेष प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसके बाद किसानों को मास्टर ट्रेनर बनाकर गांव-गांव तक प्राकृतिक खेती का संदेश पहुंचाया जाएगा।

कृषिमंत्री श्याम सिंह राणा ने कहा कि हरियाणा सरकार प्राकृतिक खेती को मिशन मोड में आगे बढ़ाने जा रही है। इसके तहत प्रत्येक क्लस्टर में लगभग 150 किसानों के साथ कृषि विभाग के एक अधिकारी को जोड़ा जाएगा, ताकि किसानों को वैज्ञानिक एवं व्यवहारिक मार्गदर्शन मिल सके। उन्होंने बताया कि राज्य में लगभग 2000 एकड़ भूमि पर प्राकृतिक खेती का मॉडल विकसित करने की दिशा में कार्य जारी है।

साथ ही प्राकृतिक उत्पादों की बिक्री के लिए भी प्रभावी व्यवस्था तैयार की जाएगी तथा सीपीआर मास्टर ट्रेनरों को सरकार की ओर से विशेष सहयोग राशि देने पर विचार किया जा रहा है।



कुरुक्षेत्र। गुजरात के राज्यपालश्री आचार्य देवव्रत से मिलते कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा ।फोटो: हरिभूमि

### प्राकृतिक खेती पीढ़ियों के भविष्य को सुरक्षित रखने की सबसे बड़ी आवश्यकता

राज्यपाल श्री आचार्य देवव्रत ने कहा कि वर्तमान समय में प्राकृतिक खेती केवल विकल्प नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के भविष्य को सुरक्षित रखने की सबसे बड़ी आवश्यकता बन चुकी है। उन्होंने भूमिगत जल एवं पर्यावरण में बढ़ते प्रदूषण पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि रासायनिक खेती के कारण जल, मिट्टी और मानव स्वास्थ्य गंभीर संकट का सामना कर रहे हैं। यदि समय रहते किसान प्राकृतिक खेती की ओर नहीं बढ़े, तो भविष्य में पीने योग्य पानी और उपजाऊ भूमि दोनों का संकट गहराएगा। केन्द्रीय भूमिगत जल बोर्ड की 2025-26 की रिपोर्ट का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि 27 प्रतिशत पानी पीने योग्य नहीं है और हरियाणा के पानी में यूरेनियम, नाइट्रेट, फ्लोराइड और क्लोराइड की मात्रा अधिक है, ऐसे में यह पानी धीमा जहर बन रहा है जो मानव शरीर के लिए उपयुक्त नहीं है। प्राकृतिक खेती के क्षेत्र में आचार्य देवव्रत के मॉडल से जहां प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सहित देश के अनेक बड़े नेता प्रभावित हैं।

### रकम का 10 गुना ज्यादा ब्याज वसूलने के आरोप में केस दर्ज

**यमुनानगर।** शहर यमुनानगर पुलिस ने ब्याज पर दी गई रकम का 10 गुना ज्यादा ब्याज वसूल के आरोप में आरोपी फाइनेंसर के खिलाफ केस दर्ज किया है। आरोप है कि आरोपी ने उनसे लिए गए दस्तावेजों का गलत दुरुपयोग किया और जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने मामले में कार्रवाई शुरू कर दी। शहर के रामपुरा निवासी सतीश कुमार ने शहर यमुनानगर पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसके बेटे जतिन को मई 2025 में पैसों की जरूरत थी। इस दौरान उसके बेटे को पता चला कि वंश शर्मा लोगों को ब्याज पर पैसे देने का काम करता है। उसके बेटे जतिन ने आरोपी वंश शर्मा से संपर्क किया। इस दौरान आरोपी ने ब्याज पर पैसे देने के नाम पर उसके बेटे से खाली चेक और स्टांप पेपर पर साइन करवा लिए। आरोपी ने उसकी स्कूटर के कागजात भी अपने पास रखें। पीड़ति ने बताया कि उसका बेटा आरोपी को रकम का हर महीने ब्याज देता रहा। इस दौरान आरोपी ने रकम के 10 गुना ज्यादा ब्याज वसूल लिया। जब उन्होंने मना किया तो आरोपी ने उनसे लिए दस्तावेजों का दुरुपयोग किया। जब उसने आरोपी को ऐसा करने से मना किया तो आरोपी ने उन्हें जान से मारने की धमकी दी।

- आरोपी फाइनेंसर पर दस्तावेजों का गलत दुरुपयोग करने व जान से मारने की धमकी देने का आरोप

## खबर संक्षेप

### श्रीगोविंदानंद आश्रम में हुई मासिक कन्या पूजन

**पिहोवा।** मां सरस्वती की नगरी में स्थित शिव पुरी मार्ग पिहोवा में श्री गोविंदानंद ठाकुर द्वार आश्रम में मासिक कन्या पूजन महामंडलेश्वर 1008 स्वामी विद्यागिरि महाराज के मार्गदर्शन आशीर्वाद से श्रीमहंत बंशी पुरी महाराज एवं आश्रम की महंत सर्वेश्वरी गिरि जी महाराज के सानिध्य में सम्पन्न हुआ। आश्रम परिसर में हर मास सैकड़ों की संख्या में कन्याओं का पूजन और भंडारा पिछले कई वर्षों से बिन नागा आयोजित किया जा रहा है जिसमें जरूरतमंत कन्याओं को गर्मी सर्दी के वस्त्र,जूते चप्पल के साथ शिक्षा का सामान पुस्तके इत्यादि की भी मदद की जाती है।

### पुरुषोत्तम मास का शुरू हुआ पूजन

**कुरुक्षेत्र।** देशभर में संचालित श्री जयराम संस्थाओं के परमाध्यक्ष ब्रह्मस्वरूप ब्रह्मचारी की प्रेरणा से ब्रह्मसरोवर के तट पर श्री जयराम विद्यापीठ में रविवार को ज्येष्ठ अधिक मास (पुरुषोत्तम मास) की प्रतिपदा तिथि से विधिवत मंत्रोच्चारण के साथ विद्वान ब्राह्मणों एवं संस्कृत महाविद्यालय के ब्रह्मचारियों द्वारा पूजन प्रारंभ किया गया। पूजन करवा रहे श्री जयराम संस्कृत महाविद्यालय के प्राचार्य डा. रणबीर भारद्वाज एवं प. पंकज ने बताया कि ज्येष्ठ अधिक मास (पुरुषोत्तम मास) में भगवान विष्णु और श्रीकृष्ण की पूजा का विशेष महत्व है।

### डेंगू दिवस पर जागरूकता अभियान चलाया

**पिहोवा।** राष्ट्रीय डेंगू दिवस के अवसर पर एसडीसीएच पिहोवा में डेंगू रोकथाम एवं बचाव को लेकर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। एसएमओ एसडीसीएच डॉ. संजीव गोयल ने कहा कि डेंगू एक गंभीर बीमारी है, लेकिन समय रहते सावधानी बरतकर इससे बचाव संभव है। उन्होंने आमजन से अपील की कि वे अपने घरों व आसपास पानी जमा न होने दें तथा कूलर, गमले, टायर एवं अन्य पात्रों की नियमित सफाई करें। डॉ. संजीव गोयल ने बताया कि डेंगू फैलाने वाला एडीज मच्छर साफ पानी में पनपता है और दिन के समय काटता है। ,इसलिए पूरे शरीर को ढकने वाले कपड़े पहनें, मच्छरदानी एवं रिपेलेंट का प्रयोग करें।

### जनगणना कार्य के दो क्लर्कों पर एफआईआर

**कुरुक्षेत्र।** उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि जनगणना के कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही को सहन नहीं किया जाएगा। जनगणना भारत सरकार का महत्वपूर्ण कार्यों में से एक है। जिले में जनगणना के पहले फेज में हाउस लिस्टिंग का कार्य चला हुआ है। इस कार्य को बार-बार कहने के बाद भी शुरू नहीं करने वाले दो क्लर्कों के खिलाफ केस दर्ज करवाया गया है। उन्होंने कहा कि जनगणना को लेकर आने वाले समय में किसी भी प्रकार की लापरवाही मिलने पर तुरंत कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने लघु सचिवालय के सभागार में जनगणना को लेकर आयोजित बैठक की अध्यक्षता की। इससे पूर्व मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से प्रदेश के सभी उपायुक्तों को जनगणना के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए।

## कर्ण स्टेडियम में पहली बार हुई नाइट मैराथन

# स्वास्थ्य, फिटनेस, तनावमुक्त जीवन जीने का दिया संदेश

- नाइट मैराथन में 220 धावकों ने दिखाई दमखम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

कर्ण स्टेडियम में शनिवार रात पहली बार करनाल स्ट्राइडर्स की ओर से नाइट मैराथन का आयोजन किया गया। इस अनोखे आयोजन में करीब 220 प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। मैराथन का उद्देश्य लोगों को स्वास्थ्य, फिटनेस और तनाव मुक्त जीवन के प्रति जागरूक करना रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ जिला खेल अधिकारी सत्य कौर ने फ्लैग ऑफ कर किया। आयोजन में प्रोएज-360 और विर्क अस्पताल का विशेष सहयोग रहा।

मैराथन में प्रतिभागियों ने अपनी क्षमता के अनुसार अलग-अलग दूरी तय कर फिटनेस के प्रति समर्पण दिखाया। भीषण गर्मी के बावजूद धावकों का उत्साह देखने योग्य रहा। सुमित मान ने 42.2 किलोमीटर की दौड़ पूरी कर प्रतिभागियों को प्रेरित किया, जबकि कविता, राहुल, निशांत, गरिमा और पंकज ने 35 से 40 किलोमीटर तक दौड़ लगाकर शानदार प्रदर्शन किया। इस अवसर पर डॉ. बलवीर सिंह विर्क, प्रवेश गाबा, सुरेंद्र चौहान, सुमित मान, सम्राट आनंद, डॉ. दिव्यांशु कालंडा, अंकुश, कर्ण, अमिता गुप्ता, विक्रांत गुप्ता, हरप्रीत कोच, सन्नी और सितेंद्र मेहता सहित कई धावकों ने भाग लिया। कार्यक्रम में पूर्व विधायक सुमिता सिंह, पूर्व मुख्यमंत्री के ओएसडी संजय बठला तथा जिला कांग्रेस प्रधान पराग गाबा भी मौजूद रहे। मैराथन के सफल आयोजन में विकास यादव, डॉ. ओपी मिगलानी, वैद्यव्रत, सुशील मेहरा, रविन्द्र और उनकी टीम का विशेष योगदान रहा। समापन समारोह में प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।



**करनाल।** कर्ण स्टेडियम में नाइट मैराथन में भाग लेते धावक। *फोटो : हरिभूमि*

# उषा गुप्ता के निधन पर शोक जताने पहुंचे मनोहर लाल



**करनाल।** केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल मेयर रेणु बाला गुप्ता की जेठानी उषा गुप्ता के निधन पर उनके परिजनों से मिलकर सांत्वना देते हुए। *फोटो : हरिभूमि*

- शोक संतप्त परिवार को दी सांत्वना, दिवंगत आत्मा की शांति के लिए की प्रार्थना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

केंद्रीय ऊर्जा, आवासन एवं शहरी मामलों के मंत्री मनोहर लाल खट्टर ने मेयर रेणु बाला गुप्ता की जेठानी उषा गुप्ता के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया। उन्होंने करनाल स्थित उनके आवास पर पहुंचकर परिवार को सांत्वना दी और दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की।

केंद्रीय मंत्री शनिवार सुबह हेलीकॉप्टर से करनाल पहुंचे, जहां हवाई अड्डे पर उपायुक्त डॉ. आनंद कुमार शर्मा, एडीएम डॉ. राहुल रईया और असंध विधायक योगेंद्र राणा ने उनका स्वागत किया। इसके बाद वे सीधे चौधरी कॉलोनी स्थित आवास पहुंचे और शोक संतप्त परिवार से मुलाकात की।

उल्लेखनीय है कि उषा गुप्ता का 12 मई को निधन हो गया था। उनकी पुण्य स्मृति में 24 मई को अनमोल गार्डन, रांवर रोड पर दोपहर दो से तीन बजे तक प्रार्थना सभा आयोजित की जाएगी। इस दौरान मेयर रेणु बाला गुप्ता, बृज गुप्ता, त्रिलोचन सिंह, अशोक खुराना, नीटू मान, देवेंद्र गांधी और परिवार के सदस्य मौजूद रहे।

# नि:शुल्क शिविर में 120 लोगों ने करवाई अपने स्वास्थ्य की जांच

- शहीद उधम सिंह समिति और कांबोज आवाज मंच ने मिलकर किया शिविर का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| इंद्री

शहीद उधम सिंह समिति व कांबोज आवाज मंच द्वारा अर्पणा अस्पताल मधुबन के डॉक्टरों सहयोग से गांव पटहेड़ा में फ्री मेडिकल चैकअप कैंप लगाया गया। इस कैंप में बड़ी संख्या में महिलाओं, पुरुषों, और बच्चों ने पहुंचकर शारीरिक जांच करवाई। कैंप में पहुंचे मरीजों को फ्री मे दवाइयां दी गई और जिन मरीजों को जांच के बाद ऑपरेशन के योग्य पाया गया, उन्हें ऑपरेशन कराने की सलाह दी गई। इस कैंप में 120 लोगों के स्वास्थ्य की जांच कर उन्हें मुफ्त में दवाई वितरित की गई।

इस मौके पर शहीद उधम सिंह समिति व नंबरदार एसोसिएशन विचार मंच के अध्यक्ष मेहर सिंह ने कहा कि लोगों की मांग पर कांबोज आवाज मंच के सहयोग से फ्री मेडिकल कैंप अर्पणा अस्पताल के सहयोग से लगाया गया। जो लोग महंगे इलाज कराने में सक्षम नहीं है ऐसे लोगों की मदद करने की इच्छा के चलते ही समिति और मंच ने इस कैंप का आयोजन किया। कांबोज आवाज मंच के अध्यक्ष प्रदीप कांबोज ने कहा कि कांबोज आवाज मंच ने समाज के सभी वर्गों की भलाई करने की सोच को लेकर अर्पणा अस्पताल मधुबन के सहयोग से गांव पटहेड़ा में प्रथम कैंप लगाया है। इस मौके पर अर्पणा अस्पताल की टीम के संयोजक वीरभान सोलंकी, डॉक्टर एमडी मुकुल सैनी, डॉ. संजीव कुमार, उषा देवी, आरजू सैनी, सैंकी ने शहीद उधम सिंह समिति और कांबोज आवाज मंच का कैंप का आयोजन के लिए धन्यवाद किया।





**इंद्री।** फ्री मेडिकल चेकअप कैंप मे मरीजों की जांच करते डॉक्टर ।

### विजय कुमार की मौत पर सरकारी विभागों के चालकों ने जताया शोक

**करनाल** । सरकारी विभागों के चालकों की बैठक शनिवार को राजेश राठी की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में सूचना, लोक संपर्क एवं भाषा विभाग के चालक विजय ककी सड़क हादसे में हुई मृत्यु पर गहरा शोक व्यक्त किया गया। दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गई। बैठक के बाद चालक संघ के सदस्य गांव कैरवाली पहुंचे और विजय कुमार की पत्नी को 71 हजार रुपये की आर्थिक सहायता भेंट की। साथ ही भविष्य में भी परिवार को हर संभव सहयोग देने का आश्वासन दिया गया। बैठक में जिला प्रशासन से मांग की गई कि विजय के बेटे को हरियाणा कौशल रोजगार निगम के माध्यम से नौकरी दी जाए। वहीं हादसे के जिम्मेदार वाहन चालक का पता लगाकर उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की गई। उल्लेखनीय है कि चालक विजय कुमार की 13 मई की रात सड़क दुर्घटना में मृत्यु हो गई थी।

# प्रशिक्षण महाअभियान बीजेपी की कार्य संस्कृति का महत्वपूर्ण हिस्सा

- पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान के समापन पर कार्यकर्ताओं को मिला वरिष्ठ नेताओं का मार्गदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल



करनाल के कृष्णा मंदिर में आयोजित पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान 2026 का दूसरा एवं अंतिम दिन भाजपा जिलाध्यक्ष प्रवीण लाठर की अध्यक्षता में उत्साह और अनुशासन के साथ सम्पन्न हुआ।

कार्यक्रम के पहले सत्र में केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल ने मुख्य वक्ता के रूप में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि प्रशिक्षण महाअभियान केवल औपचारिक कार्यक्रम नहीं, बल्कि भाजपा की कार्यसंस्कृति का महत्वपूर्ण हिस्सा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना, उज्ज्वला योजना, आयुष्मान भारत और मुफ्त राशन जैसी योजनाओं ने समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास पहुंचाने का कार्य किया है।

पंडित दीनदयाल उपाध्याय के अंत्योदय और एकात्म मानववाद के विचार भाजपा की आधारशिला हैं और इन्हीं सिद्धांतों के आधार पर संगठन कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि व्यक्ति निर्माण से ही संगठन का निर्माण होता है और यही प्रशिक्षण अभियान का मूल उद्देश्य है। प्रशिक्षण अभियान के दूसरे सत्र में जिला प्रभारी भारत भूषण जुआल ने वैचारिक अधिष्ठान विषय पर कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन किया। उन्होंने सांस्कृतिक राष्ट्रवाद और एकात्म मानववाद की विस्तार से जानकारी देते हुए कहा कि पंच निष्ठाओं के सैद्धांतिक आधार पर भारतीय जनता पार्टी का निर्माण हुआ है।

# स्कूल से लौट रही 12 वर्षीय बच्ची से दुष्कर्म

- पिता के बुलाने का बहाना बनाकर ले गया आरोपी, केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

मधुबन थाना क्षेत्र में एक दिल दहला देने वाला मामला सामने आया है, जहां स्कूल से घर लौट रही 12 साल की एक नाबालिग बच्ची को बहला-फुसलाकर एक अज्ञात युवक ने अपनी हवस का शिकार बना डाला। पुलिस ने पीड़िता के पिता की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया है। पीड़िता के पिता ने बताया कि 14 मई को उनकी 12 वर्षीय बेटी हमेशा की तरह स्कूल गई हुई थी। दोपहर करीब 12 बजे जब वह स्कूल से वापस घर लौट रही थी, तभी रास्ते में एक अज्ञात युवक ने उसे रोक लिया। आरोपी ने बच्ची से झूठ बोला कि उसके पिता उसे बुला रहे हैं। हालांकि, बच्ची ने समझदारी दिखाते हुए युवक से कहा कि उसके पिता तो पीपली में काम पर गए हैं, लेकिन आरोपी ने उसकी एक न सुनी और उसे अपनी बातों में बहकाकर साथ ले गया। आरोपी बच्ची को मधुबन में एक पार्क के पास स्थित मकान के बाहर बने गार्ड रूम में ले गया। वहां आरोपी ने बच्ची के साथ जबरदस्ती की। इस खौफनाक वारदात के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया। डरी-सहमी बच्ची ने घर पहुंचकर परिजनों को आपबीती सुनाई, जिसके बाद परिवार ने पुलिस से संपर्क किया।

# मंगलपुर स्कूल के विद्यार्थियों ने बोर्ड परीक्षा में लहराया परचम

- 10वीं में 100 प्रतिशत और 12वीं में 94.2 प्रतिशत रहा परिणाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड की 10वीं और 12वीं बोर्ड परीक्षा 2026 में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, मंगलपुर ने उत्कृष्ट परिणाम हासिल कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। विद्यालय में आयोजित सम्मान समारोह में प्राचार्या सुनीता रानी ने मेधावी विद्यार्थियों और शिक्षकों को सम्मानित किया।

10वीं कक्षा में कुल 92 विद्यार्थी परीक्षा में बैठे और सभी उत्तीर्ण हुए।



विद्यालय का परिणाम 100 प्रतिशत रहा तथा 8 विद्यार्थियों ने मेरिट सूची में स्थान प्राप्त किया। प्रिंस कुमार ने 445 अंक लेकर प्रथम, अशगुन ने 442 अंक लेकर द्वितीय तथा राधिका ने 433 अंक लेकर तृतीय स्थान हासिल किया। 12वीं कक्षा में 69 विद्यार्थियों में से 65 विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए और परिणाम 94.2 प्रतिशत रहा।

## न्यूज डायरी

### महिला क्लर्क डिंपल हत्याकांड का मुख्य आरोपी पुलिस मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार, लगी दो गोलियां



**करनाल।** करनाल में बिजली निगम की लेडी क्लर्क और कर्मचारी यूनियन की प्रधान डिंपल अरोड़ा के सनसनीखेज हत्याकांड में पुलिस को एक बड़ी कामयाबी मिली है। रविवार देर शाम इंद्री रोड पर पुलिस और शूटर के बीच हुई सीधी मुठभेड़ के बाद एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। दावा किया जा रहा है कि पकड़े गए इसी शूटर ने दो दिन पहले डिंपल अरोड़ा की गोली मारकर हत्या की थी। हालांकि, पुलिस प्रशासन की ओर से अभी इसकी आधिकारिक पुष्टि होना बाकी है।मुठभेड़ के दौरान आरोपी के पैर में दो गोलियां लगी हैं, जिसके बाद उसे तुरंत इलाज के लिए ट्रॉमा सेंटर में भर्ती कराया गया है। वारदात की सूचना मिलते ही एसपी नरेंद्र बिजारणिया, डीएसपी राजीव, डीएसपी संदीप, सदर थाना एसएचओ और फोरेंसिक की टीमें भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच गईं।गुप्त सूचना पर टीम ने घेरा, आरोपी ने की फायरिंगजानकारी के अनुसार, रविवार देर शाम करीब 8:30 बजे सीआईए टीम को गुप्त सूचना मिली थी कि डिंपल अरोड़ा की हत्या का आरोपी युवक इंद्री रोड पर मौजूद है। सूचना के आधार पर जब टीम मौके पर पहुंची, तो वहां बाइक पर जा रहे एक संदिग्ध युवक को रुकने का इशारा किया गया। पुलिस को देख युवक ने बाइक रोककर उन पर सीधे फायरिंग शुरू कर दी।जवाबी कार्रवाई में शूटर के पैर में लगी गोलीपुलिस टीम ने भी आत्मरक्षार्थ जवाबी कार्रवाई करते हुए गोलियां चलाईं। दोनों ओर से कई राउंड फायरिंग हुई, जिसमें दो गोलियां आरोपी के पैर में जा लगीं। गोली लगते ही युवक बाइक सहित सड़क पर गिर गया, जिसके बाद पुलिस ने उसे दबोच लिया। आरोपी की पहचान कुरुक्षेत्र के लाडवा स्थित सलीमपुर निवासी विकास के रूप में हुई है।पार्किंग विवाद में हत्या की आशंका शुरुआती जानकारी के मुताबिक आशंका जताई जा रही है कि पार्किंग विवाद रंजिश के चलते इस हत्याकांड को अंजाम दिलवाया गया। 15 मई की दोपहर को सेक्टर-9 में डिंपल अरोड़ा के घर के बाहर बाइक सवार हमलावर ने उनके सिर में गोली मारकर हत्या कर दी थी।आधिकारिक पुष्टि और पुलिस पूछताछ के बाद साफ होगी तस्वीरशूटर विकास की गिरफ्तारी के बाद अब पुलिस इस मामले के हर पहलू को खंगाल रही है। आखिर उसने डिंपल अरोड़ा की हत्या क्यों की, वह किसके संपर्क में था और इस हत्याकांड का मुख्य मास्टरमाइंड कौन हैये तमाम सवाल अभी जांच के घेरे में हैं। आरोपी से गहन पूछताछ और पुलिस की आधिकारिक पुष्टि के बाद ही पूरी तस्वीर साफ हो पाएगी।

### अंतरराष्ट्रीय संग्रहालय दिवस के उपलक्ष्य पर केन्द्र में अत्याधुनिक वीआर थिएटर सुविधा का उद्घाटन

**कुरुक्षेत्र।** आज अंतरराष्ट्रीय संग्रहालय दिवस 2026 के उपलक्ष्य में कुरुक्षेत्र पैनोरमा एवं विज्ञान केन्द्र में अत्याधुनिक वीआर थिएटर सुविधा का उद्घाटन मुख्य अतिथि प्रो. सोमनाथ सचदेवा, वाइस चांसलर, कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय, कुरुक्षेत्र के कर कमलों द्वारा किया जाएगा। राष्ट्रीय विज्ञान संग्रहालय परिषद्, संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार की एक इकाई, कुरुक्षेत्र पैनोरमा एवं विज्ञान केन्द्र के केन्द्र प्रमुख डॉ. सुरेश कुमार सोनी ने जानकारी देते हुए बताया कि इस अत्याधुनिक वीआर थिएटर में दर्शकों को 4 अलग-अलग रोमांचक एवं ज्ञानवर्धक फिल्मों — गगन यात्रा, हिडन जेम्स, इन्क्रेडिबल इंडिया एवं लाइफ इन 2050 के विकल्प उपलब्ध होंगे। उन्होंने बताया कि वीआर हेड माउंटेड डिस्प्ले एवं मूवेबल चेयर्स के माध्यम से यह सुविधा 6डी अनुभव प्रदान करती है, जिससे दर्शकों को ऐसा अनुभव होगा मानो वे स्वयं उस आभासी वातावरण का हिस्सा हों। डॉ. सोनी ने कहा कि कुरुक्षेत्र में इस विश्वस्तरीय सुविधा का स्थापित होना अपने आप में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। अंतर्राष्ट्रीय संग्रहालय दिवस के अवसर पर इस सुविधा का शुभारम्भ संग्रहालयों में नवाचार एवं आधुनिक तकनीक के समावेश की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

## उचाना अनुसंधान केंद्र में प्रदर्शन प्लॉटों का किया निरीक्षण

# अंतरवर्तीय खेती से किसान बढ़ा सकेंगे अपनी आय

- कुलपति डॉ. बीआर कम्बोज ने किसानों को दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल/उचाना



चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. बी.आर. कम्बोज ने कहा कि गन्ने की खेती में अंतरवर्तीय फसलों को अपनाकर किसान अपनी आय बढ़ाने के साथ कृषि को अधिक लाभकारी बना सकते हैं। वे कृषि विश्वविद्यालय के उचाना स्थित क्षेत्रीय अनुसंधान केंद्र में आयोजित प्रदर्शन प्लॉटों के अवलोकन के दौरान वैज्ञानिकों और किसानों को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने 4-4 फुट की दूरी पर लगाए गए गन्ने के प्रदर्शन प्लॉटों का निरीक्षण किया। डॉ. कम्बोज ने गन्ने के साथ तिल, मूंगफली, मूंग, सोयाबीन, भिंडी और अन्य फसलों के सफल प्रदर्शन की सराहना की। उन्होंने कहा कि हाल ही में विकसित गन्ने की किस्म अंतरवर्तीय खेती के लिए काफी उपयुक्त है। खरीफ मौसम में गन्ने के साथ तिल और मूंगफली जैसी तिलहनी फसलें अपनाने से खाद्य तेलों की कमी दूर करने में मदद मिलेगी, वहीं दलहनी फसलों से भूमि की उर्वरता बढ़ेगी और रासायनिक उर्वरकों पर निर्भरता कम होगी। पूर्व प्रधान वैज्ञानिक डॉ. दलीप गोसाईं ने बताया कि इस पद्धति में बीज की मात्रा कम लगती है तथा उर्वरकों का प्रयोग भी आसानी से किया जा सकता है। साथ ही खेतों में श्रमिकों को अधिक दिनों तक रोजगार मिलने से आर्थिक लाभ भी बढ़ता है। इस दौरान वैज्ञानिकों ने मक्का की नई किस्मों पर चल रहे शोध कार्यक्रमों की जानकारी भी दी। कार्यक्रम में डॉ. संजय कुमार, डॉ. एम.सी. कम्बोज, डॉ. महा सिंह, डॉ. नरेंद्र सिंह, डॉ. किरण कुमारी, डॉ. प्रशांत चौहान, डॉ. हरविंदर सिंह, डॉ. विजेता, डॉ. प्रीति शर्मा, डॉ. रमेश कुमार और डॉ. कुलदीप जांगड़ा आदि मौजूद रहे।

### टमाटर और बैंगन में फल छेदक कीट से बचाव का करें उपाय

**कुरुक्षेत्र।** गर्मी के मौसम में टमाटर और बैंगन का प्रयोग प्रमुखता से होता है। सब्जियों में इन का नियमित प्रयोग भी है। कृषि विशेषज्ञों के अनुसार टमाटर और बैंगन में कीट लगने की शिकायत अक्सर देखने को मिलती है। डा. सीबी सिंह के अनुसार किसानों एवं किचन गार्डनिंग करने वालों को सब्जियों में कीट लगने की समस्या से समय रहते उपाय कर लेने से बचा जा सकता है। उन्होंने बताया कि विशेषकर टमाटर और बैंगन में फल छेदक कीट से बचाव के लिए कई उपाय हैं जैसे कि जैविक तरीके, कीटनाशकों का उपयोग और फसल चक्र का पालन कर भी बचा जा सकता है। डा. सिंह ने कहा कि कुछ किसानों का मानना है कि नीम के तेल और नीम के पत्तों के अर्क का छिड़काव करने से कीटों को नियंत्रित किया जा सकता है।

## खबर संक्षेप

### दलित कह नौकरी नहीं देने का आरोप

**पानीपत।** पानीपत के बाबरपुर निवासी रिजुल का आरोप है कि इला होम फैशन इंडस्ट्री के महाप्रबंधक प्रदीप कुमार कुंड ने उन्हें दलित होने के कारण नौकरी पर नहीं रखा। जबकि कुंड कहा है कि प्लेसमेंट सेल के जरिए रिजुल हमारी कंपनी में आया था। नियम अनुसार उसका तीन दिन का वर्किंग ट्रायल लिया गया। वहीं, एचआर विंग के सोनू,रिजुल के काम से संतुष्ट थे। इसके चलते रिजुल को आगे कंटिन्यू नहीं किया गया, जबकि कंपनी इन तीन दिन का मानदेय रिजुल को देने को तैयार है। उन्होंने रिजुल के सभी आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि हम शिक्षित व कामकाजी और कानून के जानकार लोग है, रिजुल ने जो भी आरोप लगाए वे बेबुनिया है। इधर, रिजुल ने हुडा सेक्टर 13/17 थाना पुलिस से जीएम, सोनू व फैक्टरी मालिक की मां की लिखित शिकायत दी है।

### मदान अस्पताल में निःशुल्क हेल्थ जांच शिविर लगाया

**पानीपत।** मॉडल टाउन स्थित मदान अस्पताल में डा.अनंत मदान द्वारा निःशुल्क जांच एवं हेल्थ चेकअप कैंप का आयोजन किया गया। कैंप में मरीजों के ब्लड शुगर, एवं बीपी, ईसीजी जैसी महत्वपूर्ण जांचें निःशुल्क की गई। वहीं लोगों को हाई ब्लड प्रेशर से बचाव, संतुलित खानपान और नियमित जांच के प्रति जागरूक भी किया गया। डा.अनंत मदान इमरजेंसी मेडिसिन एवं क्रिटिकल केयर विशेषज्ञ ने कहा कि बढ़ते तनाव और बदलती जीवनशैली के कारण युवाओं में भी हाई बीपी की समस्या तेजी से बढ़ रही है। समय-समय पर स्वास्थ्य जांच करवाना बेहद जरूरी है। उनका उद्देश्य अपने शहर के लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराना और स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना है।

*मनाना गांव की जाट धर्मार्थ सभा व ताऊ देवी लाल मेमोरियल कॉलेज परिसर में भाईचारा स्नेह मिलन समारोह*

# कैप्टन अभिमन्यु के सद्भावी व्यवहार से प्रेरणा ले युवा वर्ग : देवेंद्र नारा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत

मनाना गांव स्थित जाट धर्मार्थ सभा व ताऊ देवी लाल मेमोरियल कॉलेज परिसर में रविवार को भाईचारा स्नेह मिलन समारोह का आयोजन हुआ। इस मौके पर भाजपा के वरिष्ठ नेता व पूर्व वित्त मंत्री कैप्टन अभिमन्यु ने कार्यक्रम को संबोधित किया और भाईचारे को बढ़ावा देने की अपील की।

इस अवसर पर खर्ब खाप से ट्रांसपोर्टर चौधरी देवेंद्र नारा ने कहा कि बड़े राजनेता व उद्यमी होने के बावजूद भी कैप्टन अभिमन्यु बहुत ही सरल



व सद्भावी इंसान है। वहीं, देश की तकदीर बदल देने वाले तीन युद्धों की पानीपत की धरती कैप्टन अभिमन्यु ने पानीपत की धरती से भाईचारे का संदेश दिया है। नागरिकों को कैप्टन अभिमन्यु के संदेश को अपनाते हुए सद्भावना को बढ़ावा देना चाहिए। सद्भावना के बल पर ही देश, समाज व मानवता तरक्की कर सकती है।

### दान करने में सदैव अग्रणी है संधू परिवार: आट्टा



गाहल्याण खाप के चौधरी रणवीर आट्टा ने कहा कि मानवता की सेवा के हर क्षेत्र में संधू परिवार जरूरतमंदों को दान देता है। वहीं, शिक्षा, आर्य समाज व धर्म के नाम पर कैप्टन अभिमन्यु व उनके परिजन मुंह मांगा दान देते है, ऐसे दानदाता संधू परिवार का घर जलाना व पूरे परिवार की हत्या करने की चेष्टा करना घनघोर पाप है। वहीं संधू परिवार ने समाज के आग्रह पर आरोपियों को क्षमा का उन्हें जीवनदान देकर मानवता की मिशाल पेश की है।

### दया करने वाला महान: मलिक



मलिक (गठवाला) खाप से गांव उग्राखेडी के सरपंच पति चौधरी सुधीर मलिक ने कहा कि दया करने वाला महान होता है, कैप्टन अभिमन्यु व संधू परिवार ने उनका घर जला कर उसकी हत्या की चेष्टा करने वालों को क्षमा कर यह साबित कर दिया कि दया ही मानवता की नींव है। कैप्टन अभिमन्यु व उनके परिजनों की जितनी सरहाना की जाए कम है। उन्होंने कहा कि छोटी छोटी बातों पर रंजिशन कर लेने वाले लोगों से कैप्टन अभिमन्यु व उनके परिवार के क्षमा भाव से प्रेरणा लेनी चाहिए।

### संधू परिवार ने हमेशा भाईचारा बढ़ाया: जीतेंद्र



संधू खाप से समाजसेवी व उद्यमी चौधरी जीतेंद्र संधू निजामपुरिया ने कहा कि कैप्टर अभिमन्यु के और उनके परिवार ने हमेशा समाज को भाईचारे का संदेश दिया है। ऐसे परिवार के घर में आग लगा कर जिंदा जलाने की चेष्टा करने वालों को भी कैप्टन अभिमन्यु व उनके परिजनों ने समाज के आग्रह पर पल भर में क्षमा का मानवता की मिसाल पेश की है।

### चौधरी मित्रसेन ने शिक्षा को बढ़ावा दिया: अली



नरवाल खाप से मुस्लिम नेता व जमींदार चौधरी नवाब अली ने कहा कि चौधरी मित्रसेन आर्य ने उडीसा, छत्तीसगढ, झारखंड, मध्य प्रदेश के ऐसे पिछडे क्षेत्रों में शिक्षा की अलख जताई जहां युवा वर्ग नक्सली आतंक के साये में जीवन यापन कर रहा था और नक्सलियों के दबाव में बंदूक उठा रहा था। वहीं, चौधरी मित्रसेन के स्वर्गवासी होने के बाद भी संधू परिवार उपरोक्त क्षेत्रों में चल रही शिक्षण संस्थाओं को आर्थिक मदद दे कर मानवता की निष्काम सेवा कर रहे है।

### सेवा की मिशाल है संधू परिवार: रणवीर



सिंहमार खाप से शिक्षाविद् चौधरी रणवीर सिंह धर्मगढ ने कहा कि कैप्टन अभिमन्यु ही नहीं बल्कि पूरा संधू परिवार समाज की तन, मन, धन से सेवा करता है। फिर भी ऐसे परिवार के घर में आग लगा कर उनकी हत्या का चेष्टा करना दुखद है। समाज के आह्वान पर संधू परिवार ने आरोपियों को पल भर में क्षमा कर यह साबित कर दिया कि मानवता पहले है।

### क्षमा भाव ने कैप्टन को महान बनाया: सुरेंद्र



अहलावत खाप से चौधरी सुरेंद्र सिंह अहलावत बबैल ने कहा कि सद्भावी, सेवा, दान, त्याग, संघर्ष, समर्पण, क्षमा का भाव रखने वाले कैप्टन अभिमन्यु ने जाट आरक्षण आंदोलन की आड लेकर उनका घर जलाने वालों को क्षमता कर मानवता की मिशाल पेश की है। आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष व प्रवक्ता सुरेंद्र अहलावत ने कहा कि आज के नेताओं को कैप्टन अभिमन्यु से प्रेरणा लेकर देश, मानवता व समाज की सेवा करनी चाहिए। छल कपट की राजनीतिक करने वालों का ना तो स्वयं भला होगा और ना ही वे देश व प्रदेश का भला सक सकते है। ऐसे लोगों से जनता को भी सावधान रहना चाहिए।

### दया ही धर्म का पहला पायदान: बाजवा



गुरू श्री रामदास सिंह सभा के प्रधान सरदार शेर सिंह बाजवा ने कहा कि कैप्टन अभिमन्यु व उनके परिजन सच्चे धर्मसेवक है। संधू परिवार जहां हमेशा जमीन से जुड़ा रहा, वहीं हर धर्म का उन्होंने तन, मन, धन से सम्मान किया। उन्होंने कहा कि संधू परिवार ने घर जलाने वालों को क्षमा कर यह साबित कर दिया कि दया ही धर्म की पालना का पहला पायदान है। वाहे गुरू की कृपा सदैव संधू परिवार पर बनी रहे।

### चौधरी मित्रसेन का नाम अमर कर रहे है कप्तान: सिंह

गुर्जर बिरादरी की छोक्कर खाप से चौधरी राजेंद्र सिंह ने कहा कि कैप्टन अभिमन्यु को सनातन संस्कार अपने पिता चौधरी मित्रसेन जी से मिले। चौधरी मित्रसेन से मिले संस्कार की पालना करते हुए जहां संधू परिवार जमीन से जुडा है, वहीं, 12 महकमों का मंत्री रहने के बावजूद भी कैप्टन अभिमन्यु ने जनता की तन, मन, धन से सेवा की। कैप्टन अभिमन्यु के द्वारा जनता की की गई सेवाएं स्मरणीय है। वहीं, संधू परिवार भी धर्म व जाति से उपर उठ कर हमेशा अपना हाथ दान के लिए उठाए रखता है।





**पानीपत।** गांव भालसी में डॉ. नवीन नैन के साथ सामाजिक कार्यकर्ता व चिकित्सक।

## गांव भालसी बना जनसेवा व महिला सशक्तिकरण का केंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत

■ निःशुल्क सिलाई प्रशिक्षण केंद्र अब पूरे क्षेत्र में चर्चा का विषय बना

पानीपत के गांव भालसी सामाजिक एकता, जनसेवा और ग्रामीण विकास की एक प्रेरणादायक मिसाल बनकर उभर रहा है। डॉ.नवीन नैन भालसी ने बताया कि मातृ दिवस पर गांव में बेटियों एवं महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से शुरू किया गया निःशुल्क सिलाई प्रशिक्षण केंद्र अब पूरे क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है। वहीं आज से गांव भालसी में निःशुल्क मेडिकल जांच शिविर की भी शुरुआत की गई। जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लेकर स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया। चिकित्सा जांच कार्यक्रम की शुरुआत चौ. प्रेम सिंह भालसी ने समस्त ग्रामवासियों एवं गणमान्य लोगों के साथ मिलकर की। आरटिओस हॉस्पिटल सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल एवं ट्रॉमा सेंटर पानीपत के अनुभवी डाक्टरों एवं प्रशिक्षित मेडिकल स्टाफ की टीम ने ग्रामीणों को स्वास्थ्य संबंधी परामर्श प्रदान किया तथा जरूरतमंद लोगों को निःशुल्क दवाइयां वितरित की। डॉ.नवीन नैन भालसी ने बताया कि भविष्य में भी इस प्रकार के जनहितकारी अभियान लगातार जारी रहेंगे ताकि गांव एवं आसपास के क्षेत्रों के लोगों को बेहतर सुविधाएं गांव स्तर पर ही उपलब्ध हो सकें।



**पानीपत।** आर्य बाल भारती स्कूल में इंटीग्रेशन प्रशिक्षण में भाग लेती टीचर्स।

### आर्य बाल भारती में शिक्षकाओं को दिया इंटीग्रेशन प्रशिक्षण

**पानीपत।** आर्य बाल भारती पब्लिक स्कूल में सीबीएसई के तत्वावधान में आर्ट इंटीग्रेशन प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में रिसोर्स पर्सन अंजू बाला एवं करुणा सोलंकी ने शिक्षकों को आर्ट इंटीग्रेशन की नवीन शिक्षण विधियों, रचनात्मक गतिविधियों एवं व्यवहारिक प्रयोगों की विस्तृत जानकारी प्रदान की। उन्होंने बताया कि कला आधारित शिक्षा विद्यार्थियों की कल्पनाशीलता, रचनात्मकता एवं बौद्धिक विकास को सशक्त बनाती है। विद्यालय के प्रधान रणदीप कादियान ने कहा कि इस प्रकार के प्रशिक्षण कार्यक्रम शिक्षकों को नई शिक्षा नीति एवं आधुनिक शिक्षण पद्धतियों से जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। विद्यालय के प्रबंधक सुखबीर जागलान ने कहा कि शिक्षकों का निरंतर कौशल विकास ही विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की आधारशिला है। प्रधानाचार्य डॉ.अशोक आर्य ने कहा कि आर्ट इंटीग्रेशन शिक्षा को केवल पुस्तकीय ज्ञान तक सीमित न रखकर उसे व्यवहारिक, सृजनात्मक एवं जीवनोपयोगी बनाता है।

## मुख्य सचिव ने जनगणना कार्य की समीक्षा की

**पानीपत।** हरियाणा सरकार में मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी ने आज वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रदेशभर में चल रहे जनगणना 2027 हाउस लिस्टिंग एवं हाउसिंग जनगणना कार्यों की समीक्षा कर अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। मुख्य सचिव ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि जनगणना कार्य राष्ट्रीय महत्व का कार्य हैए इसलिए इसमें किसी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। समीक्षा बैठक में नगर निगमों, सरपंचों, पंचों तथा आरडब्ल्यूए प्रतिनिधियों को जनगणना कार्य में सहयोग के लिए जागरूक करने पर भी जोर दिया गया। बैठक के बाद नगर निगम आयुक्त डॉ.पंकज यादव ने बताया कि नगर निगम क्षेत्र में जनगणना 2027 का कार्य पूरी गंभीरता और जिम्मेदारी के साथ किया जा रहा है। इस अवसर पर एसडीएम समालखा अमित कुमार, एसडीएम इसराना नवदीप नैन, नगराधीश टीनू पोसवाल, डीईओ राकेश बूरा, तहसीलदार वीरेंद्र गिल, सौरभ शर्मा, नरेंद्र दलाल, धर्मेंद्र शर्मा व कैलाश सहित कई अन्य अधिकारी मौजूद रहे।



**पानीपत।** जनगणना को लेकर अधिकारियों की बैठक लेते हुए निगम आयुक्त डॉ.पंकज यादव। फोटो : हरिभूमि

## किसान मोर्चा की कार्यकारिणी घोषित

**पानीपत।** भाजपा किसान मोर्चा उत्तरी शहरी मन्डल की बैठक राज कालोनी वार्ड न.10 में भाजपा किसान मोर्चा प्रदेश सचिव दिनेश पुजारा के नेतृत्व में हुई। जिसमें दिनेश पुजारा ने मोर्चा के मंडल पदाधिकारियों की घोषणा की। उन्होंने कहा कि भाजपा किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष सुभाष कुहाड़ व शीर्ष नेतृत्व से विचार विमर्श करके विकास गहलोत को मंडल अध्यक्ष, जतिन लखनपाल व विपिन कौशिक व हरीश भाटिया को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, महामंत्री विशु सैनी, रमेश खन्ना को उपाध्यक्ष, किशन खुरसीजा को मंडल सचिव, अश्वनी लोहट को मंडल सचिव एवं समर मिगलानी को मिडिया प्रभारी नियुक्त किया गया है। दिनेश पुजारा ने कहा कि भाजपा की नायब सैनी की सरकार सभी वर्गों का समान रूप से विकास करने के लक्ष्य के साथ अन्तोदय की भावना से कार्य कर रही है। आज किसान भाजपा की किसान हित की नीतियों से खुशहाल है। इस अवसर पर एंकाश शर्मा, गौतम गहलोत, चिमन गाबा, रिंकू गुलाटी, अरविन्द कोहली, दीपक गौसांई, रौनक भाटिया, फारूक खान, समीर खॉन, अनिल कुमार, मुकेश भोरिया व नवीन शर्मा आदि मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

### अतीलापुर में बछड़ी के साथ दुष्कर्म किया

**पानीपत।** पानीपत के गांव अतीलापुर में एक युवक द्वारा गाय की छोटी बछड़ी के साथ दुराचार करने का मामला सामने आया है। पशु मालिक सोनू ने आरोपी गौरव को मौके पर रंगेहाथ दबोचने का प्रयास किया, लेकिन वह पीड़ित को धक्का देकर और अपने कपड़े मौके पर ही छोड़कर फरार हो गया। थाना बापौली पुलिस ने शिकायत के आधार पर आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। मामले में आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर गोमाता के लाल सेवा समित के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने थाने पहुंचकर प्रदर्शन भी किया।



**पानीपत।** थाना बापौली थाने पर आरोपी को पकड़ने की मांग को लेकर प्रदर्शन करते हुए गोभक्त। फोटो : हरिभूमि



**पानीपत।** महर्षि कश्यप की याद में आयोजित कैंप में रक्तदान करते हुए युवा के साथ आयोजक। फोटो : हरिभूमि

### महर्षि कश्यप जयंती पर रक्तदान शिविर लगाया

**पानीपत।** महर्षि कश्यप जयंती के उपलक्ष्य में आज हैदराबादी हॉस्पिटल स्थित रेड ड्रॉप ब्लड सेंटर में सातवें विशाल रक्तदान महादान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 56 युनिट रक्त एकत्रित हुआ। शिविर के आयोजक एवं रैड ड्रॉप फाउंडेशन शोदापुर के प्रधान कृष्ण कश्यप रक्तवीर सौदापुर ने कहा कि रक्तदान सबसे बड़ा महादान है। रक्त किसी भी लैब में नहीं बनाया जा सकता, इसलिए हर स्वस्थ व्यक्ति को साल में कम से कम तीन बार रक्तदान अवश्य करना चाहिए। कृष्ण कश्यप ने स्वयं भी 49वीं बार रक्तदान किया। शिविर को सफल बनाने में देव छौक्कर की अहम भूमिका रही।

## पर्यावरण को स्वच्छ बनाए रखना जरूरी: डीसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमूनानगर

वन कटाव होने के कारण पर्यावरण दूषित होता जा रहा है। यदि समय रहते स्वच्छ पर्यावरण बनाने की ओर ध्यान नहीं दिया गया तो आने वाले समय में मानव एवं पशु पक्षियों को काफी हानि हो सकती है। पर्यावरण को स्वच्छ बनाए रखना बेहद जरूरी है। जिला उपायुक्त प्रीति ने लोगों से पर्यावरण को स्वच्छ रखने के लिए अधिक से अधिक पेड़ पौधे लगाए जाने के लिए आहवान किया है। उपायुक्त प्रीति ने बताया कि हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में वन विभाग प्रगति की ओर अग्रसर है।

पर्यावरण में बढ़ते प्रदूषण का स्तर हम सभी के लिए चिंता का विषय है। हम सभी को पर्यावरण संरक्षण की दिशा में समय रहते आवश्यक कदम उठाने होंगे। वहीं, आने वाली पीढ़ी को भी पर्यावरण के प्रति जागरूक कर अधिक से अधिक पौधारोपण करने के लिए प्रेरित करना होगा। उन्होंने कहा कि हम सभी को यह संकल्प लेना होगा कि हम किसी भी त्योहार या शुभ अवसर पर पौधारोपण करें और उसका रखरखाव अपने शिशु की भांति करें। तभी पर्यावरण में बढ़ते प्रदूषण के स्तर को कम किया जा सकता है।

## मुलतानी फिल्म सजा देखी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत

■ फिल्म सुपर हिट रही और लोगों ने फिल्म का पूरा आनन्द लिया

आर्य समाज मन्दिर सैक्टर 12 के हाल में मुलतानी फिल्म सजा दखाई गई। हाल में जितनी कुर्सियां थी, उससे अधिक लोग पहुंच गए और अतिरिक्त कुर्सियों की व्यवस्था करनी पड़ी। उसके बावजूद कई दर्शकों ने तो खड़े होकर फिल्म देखी। फिल्म सुपर हिट रही और लोगों ने फिल्म का पूरा आनन्द लिया। कुल 53 मिनट की फिल्म को लोगों ने पूरी शांति से देखा। आर्य समाज मन्दिर के प्रधान आर्य सुरेश मलिक ने कहा कि यह एक बेहतरीन फिल्म थी और लोगों को अपनी विरासत अर्थात जड़ों को कभी नहीं छोडन्ना चाहिए। उन्होंने अगला भाग फिल्म सजा-2 को भी हाल में आने वाले समय में चलाने की अनुमति दे दी। इस फिल्म को सामाजिक कार्यकर्ता और मन्दिर की संयोजिका बेला भाटिया ने चलवाया जिनके प्रयासों की जमकर तारीफ हुई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल के प्रतिनिधी गजेन्द्र सलूजा रहे। जिन्होंने स्वयं भी इस फिल्म में एक महत्वपूर्ण भूमिका अदा की है। उन्होंने कहा कि अपनी मुतलानी बोली को संदेशात्मक फिल्म के माध्यम से जिन्दा रखने का यह एक बहुत अच्छा प्रयास है। निर्देशक देव वर्मा ने सभी कलाकारों से बहुत अच्छा अभिनय करवाया है। फिल्म समाप्ति पर लोग कमल नयन वर्मा के इर्द गिर्द खड़े हो गए और अपनी अपनी प्रतिक्रिया दी और आने वाले समय में ऐसी ओर फिल्में बनाने की प्रेरणा दे डाली। बेला भाटिया ने कहा कि कमल नयन वर्मा की आगामी फिल्मों को भी मन्दिर में सहर्श दिखाया जाएगा क्योंकि वर्मा हमेषा प्रेरणादायक फिल्में ही बनाते हैं। इस मौके पर फिल्म के आधे कलाकार भी मौजूद रहे और उन्हें माला पहनाकर व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस फिल्म को यू-ट्यूब चैनल मुलतानी बोली पर भी देखा जा सकता है। फिल्म के कलमाकार कमल नयन वर्मा के अतिरक्त पूजा सहगल, प्रिया खुराना, गजेन्द्र सलूजा, सतीश बुद्धिराजा, नरेन्द्र गर्ग, टेक चन्द सोनी, टोपर दास, अनुराग अरोड़ा, सिम्पी कपूर, देवांषी सलूजा और गायक राजकुमार भारद्वाज भी मौजूद रहे।

## बेटियों के उज्ज्वल भविष्य के लिए संस्थाओं का सराहनीय प्रयास : सांसद भाटिया

# समाज हितैषी कार्य से मिलता है पुण्य: मनोहर लाल

■ छात्राओं को वितरित की गई साइकिलें, बच्चियों के चेहरे हुए प्रफुल्लित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत

केंद्रीय ऊर्जा, शहरी एवं आवास मंत्री मनोहर लाल ने आज आर्य पीजी कॉलेज सभागार में सामाजिक संस्थाओं द्वारा आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। इस दौरान उन्होंने स्कूली छात्राओं और अभिभावकों को संबोधित करते हुए कहा कि पढ़ेंगी बेटियांए तभी आगे बढ़ेंगी बेटियां। बेटियों की शिक्षा केवल परिवार नहीं बल्कि पूरे राष्ट्र के भविष्य को मजबूत करती है।

कार्यक्रम में क्षेत्र की बेटियों के शैक्षणिक विकास को बढ़ावा देने के उद्देश्य से साइकिल वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। केंद्रीय मंत्री ने 104 छात्राओं को पानीपत क्षेत्र में तथा 143 छात्राओं को समालखा क्षेत्र में साइकिल वितरित की। कैबिनेट मंत्री ने बताया कि सामाजिक संस्थाओं के सहयोग से 1000 साइकिलों का वितरण करने की योजना बनाई गई है। इस कार्यक्रम में सिग्मा संस्था के अतुलनीय योगदान की प्रशंसा की।

कैबिनेट मंत्री मनोहर लाल ने कहा कि यह केवल साइकिल वितरण कार्यक्रम नहीं बल्कि बेटियों को आत्मनिर्भर और शिक्षित बनाने का अभियान है। जब समाज की संस्थाएं आगे आकर जरूरतमंद बच्चों और बेटियों के लिए कार्य करती हैं, तब समाज में संस्कार और संवेदनाएं मजबूत होती हैं।

कैबिनेट मंत्री ने बेटियों से आह्वान किया कि वे साइकिलों का उपयोग शिक्षा और अपने उज्ज्वल भविष्य के लिए करें। उन्होंने अपने जीवन का अनुभव साझा करते हुए कहा कि जब वह स्कूल जाते थे तो उन्हें अपने गांव से तीन किलो मीटर पैदल स्कूल जाना पड़ता था।

नौवीं कक्षा में पिता द्वारा साइकिल मिलने की खुशी आज भी उन्हें याद है। उन्होंने कहा कि आज इन बच्चियों के चेहरे पर वही खुशी दिखाई दे रही है। मंत्री मनोहर लाल ने कहा कि पिछले 40 वर्षों से उन्होंने स्वयं के बजाय समाज के बारे में सोचकर कार्य किया है। उनका हमेशा प्रयास रहा है कि समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक विकास पहुंचे।





**पानीपत।** केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल व सांसद संजय भाटिया के साथ बेटियां तथा कार्यक्रम में उपस्थित बेटियां। फोटो : हरिभूमि

### राज्यसभा सांसद बोले

वहीं राज्यसभा सांसद संजय भाटिया ने कहा कि कैबिनेट मंत्री मनोहर लाल हमेशा समाज के हित और विकास को लेकर चिंतित रहते हैं। वह छोटे से छोटे विषय पर भी गंभीरता से मंथन करते हैं और उनका उद्देश्य समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाना है। उन्होंने सामाजिक संस्थाओं की सराहना करते हुए कहा कि जब समाज और संस्थाएं मिलकर कार्य करती हैं, तब विकास की नई इबारत लिखी जाती है। उन्होंने कहा कि बेटियों को शिक्षा और सुविधाएं उपलब्ध कराना सबसे बड़ा सामाजिक निवेश है। समाज हितैषी कार्य से पुण्य मिलता है।

### उपायुक्त बोले

उपायुक्त डॉ.वीरेंद्र कुमार दहिया ने कहा कि सामाजिक संस्थाओं द्वारा बेटियों की शिक्षा और जरूरतमंद परिवारों के सहयोग के लिए किया जा रहा यह कार्य अत्यंत प्रेरणादायक है। वहीं पुलिस अधीक्षक भूपेंद्र सिंह ने कहा कि समाज सेवा से बढक़र कोई मानव धर्म नहीं होता। बेटियों को शिक्षा के लिए प्रोत्साहित करना और उन्हें सुविधाएं उपलब्ध कराना वास्तव में राष्ट्र निर्माण का कार्य है। उपायुक्त डॉ.विरेंदर कुमार दहिया व पुलिस अधीक्षक भूपेंद्र सिंह ने बुके देकर केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल का स्वागत किया। कार्यक्रम में सांसद प्रतिनिधि गजेंद्र सलूजा, अनुरुद्ध, जिला खजाना अधिकारी हजारा सिंह, अंत्योदय फाउंडेशन ट्रस्टी एषणा कल्याण आदि उपस्थित रहे।

### बेटियां राष्ट्र निर्माण की शक्ति

**समालखा।** समालखा में अंत्योदय फाउंडेशन द्वारा आयोजित बेटियों के साइकिल वितरण कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्राओं, अभिभावकों, सामाजिक संगठनों एवं गणमान्य लोगों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल ने कहा कि यह पहल केवल साइकिल वितरण तक सीमित नहीं है, बल्कि बेटियों के सपनों, शिक्षा और आत्मविश्वास को नई गति देने का सार्थक प्रयास है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पानीपत की धरती से बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अभियान की शुरूआत हुई थी। जिसने देशभर में बेटियों के सम्मान और शिक्षा को नई दिशा दी। बेटियां राष्ट्र निर्माण की शक्ति हैं।

**खबर संक्षेप**

### स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मन निवास करता है : गर्ग

**लाडवा।** यूथ स्पोर्ट्स एसोसिएशन लाडवा द्वारा यूथ स्पोर्ट्स अकादमी में कुरुक्षेत्र जिला स्तरीय कराटे चैंपियनशिप का विधिवत शुभारंभ किया गया जिसमें कुरुक्षेत्र जिला के विभिन्न स्कूलों व अकादमियों के 250 के लगभग खिलाड़ियों ने भाग लिया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में फूड ग्रेन डीलर एसोसिएशन लाडवा के प्रधान संजय गर्ग ने शिरकत की और दीप प्रज्वलित कर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में खेलों का महत्व अत्यधिक बढ़ गया है। हमें अपने बच्चों को किसी न किसी खेल में अवश्य डालना चाहिए ताकि वह नशों इत्यादि से दूर रह सके और मोबाइल तथा सोशल मीडिया का कम से कम प्रयोग करें।

### जहां सत का वास होता है वहीं मंगल कार्य होते हैं : शक्तिदेव

**कुरुक्षेत्र।** जय ओंकार आश्रम श्रीब्रह्मा मंदिर कुरुक्षेत्र में जय ओंकार अन्तर्राष्ट्रीय सेवाश्रम संघ संस्थापक श्रीश्री 1008 सद्गगुरुदेव स्वामी श्रीशक्ति देव जी महाराज कुरड़ी वाले द्वारा प्रेरणा देते हुए कहा कि गुरु कृपा से जहां सत का वास होता है वहीं मंगल कार्य होते हैं और जहां सदगुरुदेव प्रसन्न होते वहां मंगल ही मंगल होते हैं। क्योंकि सद्गगुरुदेव निराकार परब्रह्म परमात्मा के साकार रूप होते हैं। ओंकार भगवान की कृपा सद्गुरु जी के माध्यम से मिलती हैं। गुरुदेव भगवान से ही सत का मार्गदर्शन मिलता है और हमे उस पर चलना चाहिए। ओंकार भगवान सद्गुरु के माध्यम से अपनी कृपा की बरसात हम पर करते हैं। ओंकार समस्त आत्माओं के पिता हैं तभी परमात्मा कहलाते हैं।

### भागवत कथा के शुभारंभ निकाली कलश यात्रा

**थानेसर।** नगर की विख्यात धार्मिक संस्था जय मां दुर्गा - जय श्री महाकाल ट्रस्ट द्वारा श्रीमद् भागवत महापुराण कथा का आयोजन 17 से 23 मई तक वार्ड नंबर 20 के 7-बी गुरुदेव नगर, नजदीक 100 फुटा रोड पर करवाया जा रहा है। भगवान विष्णु के प्रिय पुरुषोत्तम मास के उपलक्ष्य में श्रीमद् भागवत महापुराण कथा शनिवार 23 मई तक चलेगी। रविवार को भागवत पूजन में मुख्य यजमान एवं ट्रस्ट के अध्यक्ष पंडित राजेश मोदगिल परिवार,युवा भाजपा नेता साहिल सुधा और पार्षद मनिंद्र सिंह छिन्दा ने हिस्सा लिया, इसके पश्चात खेड़ा मंदिर से कलश यात्रा आरंभ हुई जोकि मंदिर से चलकर कॉलोनी की गलियों से होते हुए कथास्थल पहुंची।

### चोरी कर दी जान से मारने की धमकी

**कैथल।** कलायत में एक बुजुर्ग ने अपने पड़ोसी पर घर में चोरी करने और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। शिकायत के आधार पर कलायत थाना पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी गई शिकायत में वार्ड नंबर-13 कलायत निवासी रामपाल ने बताया कि 24 अप्रैल 2026 को उसके पड़ोसी बलजीत ने घर की खिड़की तोड़कर चोरी की वारदात को अंजाम दिया। आरोपी पर गैस से भरा सिलेंडर, करीब 50 किलो गेहूं और पीतल-तांबे के बर्तन चोरी कर ले गया था। जब उसने आरोपी से इस बारे में पूछताछ की तो आरोपी ने उसे जान से मारने की धमकी दी।

## ऊर्जा मंत्री ने बब्याल से लेकर रामगढ़ माजरा स्टोन पीचिंग का किया शिलान्यास

# छावनी के विकास के लिए अंतिम सांस तक करता रहूंगा काम : विज

**मंत्री अनिल विज ने ताड़कावादी लोगों को दी चेतावनी, कहा विकास कार्यों में डाल रहे रुकावट**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज ने कहा कि अंबाला छावनी का विकास करने के लिए मैनें जी-जान लगा दी। विश्वास दिलाता हूं कि आखिरी सांस तक अंबाला छावनी के विकास के लिए कार्य करता रहूंगा। विज रविवार को बब्याल स्थित संत शिरोमणि रविदास मंदिर के निकट टांगरी बांध पर बब्याल से लेकर रामगढ़ माजरा स्टोन पीचिंग कार्य के शिलान्यास तथा महेशनगर पंप हाउस की ईमारत के पुर्ननिर्माण व नए फ्लड गेट को अपलिफ्ट करने के कार्य के शिलान्यास समारोह में लोगों को संबोधित कर रहे थे। उनहोंने कहा कि टांगरी नदी बांध पर बब्याल से रामगढ़ माजरा तक स्टोन पीचिंग के कार्य की शुरूआत की जा रही है जबकि रामगढ़ माजरा से पंजाब बॉर्डर तक स्टोन पीचिंग के टेंडर लग चुके हैं। कुल 7.34 करोड़ रुपए की लागत से बब्याल से पंजाब बार्डर तक स्टोन पीचिंग की जाएगी। इसी प्रकार महेशनगर पंप हाउस पर आयोजित कार्यक्रम में मंत्री अनिल विज ने 2.80 करोड़ रुपए की लागत से ईमारत के पुनःनिर्माण व फ्लड गेटस को ऊंचा करने के कार्य का शिलान्यास किया। जब हमारी पहली बार हरियाणा में सरकार बनी तो मैने रामगढ़ माजरा से घसीटपुर तक पक्का बांध करवाकर यहां सड़क बना दी जिसका लोग भरपूर फायदा उठा रहे हैं। पिछले वर्ष टांगरी नदी में सर्वाधिक 43 हजार क्यूसिक पानी आया जिससे टांगरी का दूसरा इंडसट्रियल एरिया क्षेत्र की ओर का किनारा प्रभावित हुआ। हमने टांगरी खुदाई शुरू कराई मगर अम्बाला छावनी के कुछ ताडक़ावादी लोगों ने टांगरी को गहरा नहीं करने दिया। अब टांगरी नदी को रामगढ़ माजरा से लेकर सहारनपुर रेलवे लाइन तक गहरा करवा दिया है, मगर सहारनपुर रेलवे लाइन से दिल्ली रेलवे लाइन तक खुदाई होनी है जबकि शाहपुर से लेकर दुराना तक नदी खुदाई के टेंडर हो चुके है, मगर ताडक़ावादी लोग काम में रुकावट डाल रहे हैं और बीते एक माह से काम रुका है। उन्होंने कहा कि जब तक पानी की निकासी तेजी से नहीं होगी, खुदाई के लिए प्रशासन संयम से काम ले रहा है और निशानदेही करवा रहा है। विज ने एसडीएम कैंट को इस मामले में तुरंत कार्रवाई के निर्देश मंच से दिए। उन्होंने कहा टांगरी जहां छावनी में प्रवेश करती है वहां उन्होंने टांगरी तक ड्रेन खुदवाकर 700 क्यूसिक पानी टांगरी में डाल दिया जिससे पानी शहर में आने से पहले ही टांगरी में चला जाता है। उन्होंने गुडगुडिया नाला पक्का करवाया जिससे अब मशीनों से सफाई होती है। उन्होंने अंबाला सदर क्षेत्र में स्ट्रॉम वॉटर ड्रेनेज पाइप लाइन डलवा दी। अब छावनी के अन्य क्षेत्रों में भी स्ट्रॉम वॉटर ड्रेनेज पाइप लाइन डलवाई जाएगी जिसके लिए 58 करोड़ रुपए मंजूर हो चुके हैं। महेशनगर ड्रेन को भी पक्का कराने के लिए उन्होंने 24 करोड़ की योजना मंजूर करवाकर दी और ड्रेन का कुछ हिस्सा पक्का होना शेष रह गया है। उन्होंने कहा टांगरी नदी को इस वर्ष ओर ज्यादा गहरा करवाया गया है ताकि बाढ़ जैसी स्थिति उत्पन्न न हो।



अंबाला। योजना का शिलान्यास करते मंत्री अनिल विज फोटो : हरिभूमि

### मंच से दी सीधी चेतावनी

ऊर्जा मंत्री अनिल विज ने कहा कि टांगरी नदी के दूसरी ओर इंडसट्रियल एरिया की तरफ भी बांध बनाने की कोशिश की, मगर वहां भी ताडक़ावादी लोग रुकवाट डाल रहे हैं। सरकार को लिखा गया है कि वहां बांध बनाकर उसे मजबूत बनाया जाए। हमने पानी निकासी के लिए और भी कई कार्य किए। महेशनगर पंप हाउस पर पानी निकासी के लिए केवल 100 क्यूसिक की मोटर लगी थी व टांगरी में आने-जाने का साधन नहीं था। उन्होंने बांध से लेकर टांगरी नदी तक जमीन एक्वायर कराई और नाला टांगरी तक खुदवा दिया और अब 350 क्यूसिक के पंप लगवा दिए, मगर तब भी इन ताडक़ावादियों ने विरोध किया। उन्होंने कहा कि इंडसट्रियल एरिया के चारों ओर चारदिवारी की जा रही है, मगर कुछ लोग बदमाशी कर रहे हैं, वहां कुछ गलत तत्व है। विज ने चेतावनी देते हुए कहा कि विकास कार्यों में बाधा डालने वाले लोगों को वह छोड़ेंगे नहीं। अनिल विज मेरा नाम है, सारा प्रदेश जानता है कि शरारत करने वालों को मैं छोड़ता नहीं। उन्होंने कहा चारदिवारी हर हालत में बननी चाहिए क्योंकि शहर के हजारों लोगों को इंडस्ट्रियल एरिया में रोजगार मिलता है तथा शहर के विकास का पैमाना इंडस्ट्रियल एरिया है। पिछले साल भी करोड़ों रुपए के सामान का नुक्सान हुआ था। इस साल नुकसान न हो इसलिए उस दीवार को बनाया जाए।

# धीन-साहलेपुर मार्ग बदहाल गड्ढों में नजर आ रही सड़क



मुलाना। टूटी सड़क दिखाते ग्रामीण। फोटो : हरिभूमि

- करीब एक साल से जान जोखिम में डाल सफर कर रहे ग्रामीण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुलाना

धीन-साहलेपुर मार्ग के खस्ताहाल होने के चलते ग्रामीण काफी परेशान है। हालात ऐसे है कि सड़क में बड़े बड़े गड्ढे और कई काफी लंबे हिस्से से सड़क ही गायब हो चुकी है वहां केवल बजरी दिखाई देती है। जिसके चलते वहां से गुजरना ग्रामीणों के लिए जी का जंजाल बना हुआ है। यहां से बरसात का पानी ओवरफ्लो होकर गुजरा था । लेकिन उसके बाद करीब एक साल गुजरने के बाद भी मार्ग को विभाग द्वारा रिपेयर नहीं किया गया । जबकि ग्रामीण इस बारे विभाग को शिकायत भी कर चुके हैं। रविवार को साहलेपुर के ग्रामीणों ने मार्ग पर एकत्रित होकर रोष व्यक्त किया और मार्ग को जल्द बनाने की मांग की । साहलेपुर के नितिन, हिमांशु , अनिल कुमार, सुनील सैनी, मुकेश कुमार , मोहन लाल, लालचंद, सोहन, नितेश सैनी ने बताया कि करीब एक साल से सड़क अपना वजूद तक खो चुकी है। काफी हिस्से से सड़क ही गायब है। सड़क पर बजरी ही बजरी दिखाई देती है। उन्होंने बताया कि ग्रामीण के वाहनों के टायर कई बार यहां फट चुके है। कई स्कूलों की बसें यहां से गुजरती है। कई डेरे और कई किसानों की जमीनें इस रोड़ पर है। रोड के हालातों से यहां पर हर समय हादसे का भय बना रहता है। लेकिन मार्केट कमेटी विभाग इस तरफ ध्यान ही नहीं दे रहा है। शिकायतें करने के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं हो रही है।

### निर्माण के तीसरे दिन ही धंसने लगी थी सड़क

मार्केट कमेटी द्वारा धीन साहलेपुर मार्ग का निर्माण 2022 में किया था । तब ग्रामीणों ने सड़क निर्माण के तीसरे दिन ही सड़क धंसने , सड़क का लेवल सही न होने और घटिया सामग्री का प्रयोग करने के आरो जडे थे । ग्रामीणों के अनुसार इस बारे शिकायतें भी की गई लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई । मार्केट कमेटी के जेई सुशील कुमार ने कहा कि सड़क का मामला संज्ञान में है। बाढ़ से प्रभावित उक्त हिस्से पर जल्द कार्य शुरू किया जाएगा। वो अप्रूव हो चुका है। बाकी बचे हिस्से को रिपेयर करने का कार्य प्रकिया में है। अप्रूव होते ही वहां भी कार्य शुरू किया जाएगा।

# ऑनलाइन दवा खरीद पर 20 को हड़ताल

- नकली दवाएं बीमारी विकराल बनाने में होती है सहायक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

20 को देश व्यापी केमिस्ट एसोसिएशन की ऑनलाइन दवा विक्रय को लेकर होने वाली 1 दिवसीय स्ट्राइक को ले कर प्रदेश भर में तूफानी दौरा कर रहे हरियाणा स्टेट केमिस्ट एन्ड ड्रगिस्ट एसोसिएशन के प्रदेसाध्यक्ष मनजीत शर्मा कल देर रात अंबाला कैंट पहुंचे। यहां पहुंचने पर उनका अंबाला रिटेल केमिस्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष व महासचिव की अगुआई में वरिष्ठ सदस्यों की आपात बैठक बुलाई । प्रदेशाध्यक्ष मनजीत शर्मा ने सर्वप्रथम अंबाला रिटेल केमिस्ट एसोसिएशन के नवनिर्वाचित टीम को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि एसोसिएशन एचएससीडीए की अत्यंत महत्वपूर्ण इकाई है। इस इकाई का काम हमेशा अनुकरणीय रहा है। नई टीम युवाओं की है जो जोश के साथ नियमों का भी अच्छे से ध्यान रखती है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय कार्यकारिणी के आवाहन पर ऑनलाइन दवा विक्रय के विरोध में कॉल की गई 1 दिवसीय पूर्ण बंद के संदेश को प्रदेश में हर यूनिट तक पहुंचाना है। एआरसीए के अध्यक्ष मनोज गर्ग ने शार्ट टाइम नोटिस पर बुलाई गई बैठक में उपसिथित सदस्यों में स्ट्राइक के ज़रूरत पर जोशीले शब्दों से प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि आए दिन देश के किसी न किसी कोने से सूचना प्राप्त हो ही जाती है कि नकली दवा के कारोबार का भंडाफोड़ हुआ है। जब निर्माता रिटेलर को 7 से 15 % फीसदी का लाभ देता है तो 20 से 80% का डिस्काउंट नकली दवा के माध्यम से ही मिल सकता है जो बीमारी को कम करने की बजाए बीमारी को विकराल बनाने में सहायक होती है। ऑनलाइन दवा का आमजन के हित मे विरोध में आमजन के भी सहयोग मिलना बनता है। सभीसदस्यों ने आवाहन को अम्बाला में पूर्ण बंद का सहयोग देने का आश्वासन दिया है।



अंबाला। मीटिंग में मौजूद केमिस्ट एसोसिएशन के पदाधिकारी। फोटो : हरिभूमि

# प्रदेश में कानून व्यवस्था चरमराई, प्रदेशाध्यक्ष के घर पर हमला बेहद चिंताजनक : जसबीर

- घटना के 24 घंटे के बाद भी अपराधियों का भेद नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला

पूर्व विधायक जसबीर मलौर ने कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष के आवास पर बदमाशों द्वारा किए गए हमले की कड़े शब्दों में निंदा करते हुए प्रदेश की कानून व्यवस्था पर गंभीर सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा कि हरियाणा में कानून व्यवस्था पूरी तरह चरमरा चुकी है। जिस प्रदेश में एक राष्ट्रीय पार्टी के प्रदेशाध्यक्ष का आवास ही सुरक्षित नहीं है, वहां आम नागरिक की सुरक्षा का सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है।



अंबाला। पूर्व विधायक जसबीर मलौर। फोटो : हरिभूमि

उन्होंने कहा कि घटना को 24 घंटे से अधिक समय बीत जाने के बावजूद पुलिस अभी तक किसी भी आरोपी को गिरफ्तार करना तो दूर, उनका कोई ठोस सुराग तक नहीं लगा पाई है। यह सरकार और पुलिस प्रशासन की विफलता को दर्शाता है। पूर्व विधायक ने प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए राज्य सरकार से मांग की कि कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह के आवास की सुरक्षा तत्काल बढ़ाई जाए तथा उनकी व्यक्तिगत सुरक्षा में भी इजाफा किया जाए। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी प्रदेश में कानून व्यवस्था को लेकर बड़े-बड़े दावे करते हैं और अपराधियों को प्रदेश छोड़ने की चेतावनी देते हैं, लेकिन धरातल पर स्थिति बिल्कुल विपरीत है। मलौर ने आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री ने प्रदेश की कानून व्यवस्था को रामभरोसे छोड़ दिया है और स्वयं अन्य राज्यों की चुनावी सभाओं में व्यस्त हैं। प्रदेश की महिलाएं दिन के उजाले में भी स्वयं को सुरक्षित महसूस नहीं करतीं। व्यापारी वर्ग रंगदारी और अपराध की घटनाओं से भयभीत है, जबकि गांवों और शहरों में लूटपाट की घटनाएं आम हो चुकी हैं।

### छात्र नियमित अध्ययन के साथ समय पर जमा करवाएं असाइनमेंट : डॉ सविता पंवार



**अंबाला।** राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, अंबाला छावनी के इग्नू लर्निंग स्टडी सेंटर द्वारा रविवार को नए विद्यार्थियों के लिए एक दिवसीय परिचय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम तीन महाविद्यालयों राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय अंबाला छावनी, जीएमएन कॉलेज अंबाला छावनी तथा एमडीएसडी कॉलेज अम्बाला शहर के अंतर्गत संचालित अध्ययन केंद्रों के 475 विद्यार्थियों एवं स्टाफ के लिए आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में क्षेत्रीय केंद्र चंडीगढ़ से उपनिदेशक डॉ. सविता पंवार ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। महाविद्यालय पहुंचने पर प्राचार्य डॉ. देशराज बाजवा व एलएससी समन्वयक शगुन आहूजा ने डॉ. सविता पंवार का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डॉ. सविता पंवार ने विद्यार्थियों को दूरस्थ शिक्षा के माध्यम से गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त करने के अवसरों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने विद्यार्थियों को नियमित अध्ययन करने, समय पर असाइनमेंट जमा करवाने तथा विश्वविद्यालय द्वारा उपलब्ध कराई जा रही विभिन्न सुविधाओं का अधिकतम लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने सभी एलएससी समन्वयकों एवं सहायक कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी प्रदान किए। कार्यक्रम में एलएससी. समन्वयक डॉ. शगुन आहूजा ने उपनिदेशक डॉ. सविता पंवार तथा सभी उपस्थित समन्वयकों एवं अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

# योग से बच्चों को मिल रही नई दिशा सोशल मीडिया से करें परहेज: शास्त्री

- फिट इंडिया मूवमेंट के तहत हुई विशेष योग गतिविधियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला

सरकार द्वारा चलाए जा रहे फिट इंडिया मूवमेंट, नशा मुक्त भारत अभियान और स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देने के उद्देश्य से राजकीय उच्च विद्यालय मंडौर में विशेष योग गतिविधि आयोजित की गई। विद्यालय की मॉर्निंग असेंबली में शिक्षक रामफल शास्त्री ने विद्यार्थियों को योग के महत्व के बारे में जागरूक करते हुए स्वस्थ और अनुशासित जीवन अपनाने का संदेश दिया। शास्त्री ने बताया कि नियमित योग करने से शरीर स्वस्थ रहता है, मानसिक तनाव कम होता है और पढ़ाई में मन लगता है। उन्होंने कहा कि मोबाइल और सोशल मीडिया का अत्यधिक उपयोग बच्चों के मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य पर प्रभाव डाल रहा है। उन्होंने कहा कि योग आत्मविश्वास और आत्मनियंत्रण बढ़ाने का सबसे बेहतर माध्यम है। योग करने से बच्चों में सकारात्मक सोच विकसित होती है ।



अंबाला। योग करते स्कूली छात्र। फोटो : हरिभूमि

### एसए जैन स्कूल के शिक्षकों ने धर्मपुर में प्रकृति की शांत सुंदरता के माहौल का लिया आनंद



**अंबाला।** शहर के एसए जैन सीनियर मॉडल स्कूल के स्टाफ सदस्यों ने पाइन ट्रेल, धरमपुर की एक आनंददायक यात्रा की। 55 स्टाफ सदस्यों के एक समूह ने इस भ्रमण में पूरे उत्साह के साथ भाग लिया, जिससे यह सभी के लिए वास्तव में एक यादगार और समृद्ध अनुभव बन गया। प्रकृति की शांत सुंदरता और पहाड़ियों के ताज़गी भरे माहौल से घिरे स्टाफ सदस्यों ने विभिन्न प्रकार की मजेदार गतिविधियों में हिस्सा लिया, जिनसे उन्हें खुशी और हंसी मिली, और उनकी टीम भावना भी मजबूत हुई। आपसी खेलों और जीवंत बातचीत के बीच विश्राम के पलों तक—इस यात्रा ने सभी को स्कूल के माहौल से बाहर निकलकर तनाव मुक्त होने और आपस में जुड़ाव महसूस करने का अवसर प्रदान किया। पाइन ट्रेल का यह मनमोहक अनुभव न केवल रोज़मर्रा की दिनचर्या से एक सुखद बदलाव लेकर आया बल्कि इसने स्टाफ सदस्यों को पूरी तरह से तरोताज़ा भी कर दिया; उन्हें इस यात्रा से अनमोल यादें और एक नया उत्साह मिला। इस तरह के भ्रमण संस्थान के भीतर आपसी सद्भाव को बढ़ावा देना है।

### अंबाला पहुंचे अल्ट्रा मैराथन धावक कार्तिक जोशी

**अंबाला।** कारगिल से कन्याकुमारी तक 4,200 किलोमीटर की ऐतिहासिक दौड़ पर निकले अल्ट्रा मैराथन धावक मध्य प्रदेश के इंदौर निवासी कार्तिक जोशी (24) अंबाला पहुंचे। एक दौड़ मां भारती के नाम अभियान के तहत वह रविवार को यहां रुके । दिल्ली हाईवे स्थित किंगफिशर पर समाजसेवी संस्थाओं ने उनका स्वागत किया। दोपहर बाद वह कुरुक्षेत्र के लिए रवाना हो गए। कारगिल वार मेमोरियल से 2 मई को शुरू हुए कार्तिक जोशी 775 किलोमीटर से अधिक की यात्रा तय कर वे पहुंचे थे। वह कुरुक्षेत्र, करनाल से होते हुए 18 मई को देश की राजधानी दिल्ली में प्रवेश करेंगी। इस अभियान के माध्यम से वह न केवल एक नया वर्ल्ड रिकॉर्ड स्थापित करेंगे, बल्कि देश भर के 200 से अधिक जमीनी स्तर के प्रतिभावान धावकों को रनिंग शूज व पूरी रनिंग किट निशुल्क देंगे।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20, फोन : 9253681010, 9253681005

### भागवत वर्षा से जीवन को निहाल बनाए : कटारिया

**कुरुक्षेत्र।** सेक्टर 8 में नवनिर्मित भगवान गौरी शंकर मंदिर प्रांगण में गो गीता गायत्री सत्संग सेवा समिति द्वारा आयोजित श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान महायज्ञ में शामिल होकर भाजपा नेता एवं केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय भारत सरकार के पूर्व सदस्य सूरजभान कटारिया ने आहवान किया है कि हम सभी को भागवत कथाओं की अमृत वर्षा संदेश से अपने परिवारिक एवं समाजिक जीवन को निहाल बनाना चाहिए। अपनी पत्नी श्रीमती निर्मला कटारिया के साथ आज की कथा में मुख्य यजमान शामिल हुए कटारिया ने कहा कि वेदाचार्य अनिल शास्त्री देशभर में अपनी कथा एवं अन्य धार्मिक आयोजनों से सनातन के पताका फहरा रहे है जिनको हम सभी का सहयोग मिल रहा है।

## बुनियादी सुविधाओं के लिए मुख्यमंत्री से मांगे 20 करोड़

# पूर्व विधायक ने कड़ासन में बीडीपीओ बनाने की उठाई मांग

**शहजादपुर माजरा में एक बड़ा पार्क, सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट व फायर ब्रिगेड स्टेशन स्थापित करने का किया आग्रह**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| शहजादपुर

वीर महाराणा प्रताप जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित राज्यस्तरीय समारोह में पूर्व विधायक डॉ. पवन सैनी ने मुख्यमंत्री नायब सैनी, मिजोरम के राज्यपाल जनरल विजय कुमार सिंह तथा कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा का स्वागत करते हुए नारायणगढ़ हल्के के विकास को लेकर एक मांग पत्र मुख्यमंत्री के समक्ष रखा। सैनी ने मुख्यमंत्री को अवगत कराया कि क्षेत्र के समग्र विकास के लिए लगभग 20 करोड़ रुपये की अनुदान राशि प्रदान कर प्राथमिकता के आधार पर विकास कार्य करवाए जाएं, ताकि क्षेत्र में बुनियादी सुविधाओं को मजबूत किया जा सके। मांग-पत्र में शिक्षा, स्वास्थ्य, सडक़, खेल, परिवहन और किसानों से जुड़ी मांगे शामिल हैं।



शहजादपुर। कार्यक्रम में लोगों को संबोधित करते सीएम नायब सैनी।

### ये हैं प्रमुख मांगें

इनमें प्रमुख रूप से नारायणगढ़ विधानसभा क्षेत्र में नया गांव कड़ासन में बीडीपीओ खंड बनवाने, शहजादपुर माजरा में एक बड़ा पार्क, सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट व फायर ब्रिगेड स्टेशन स्थापित करवाने बारे, महाराणा प्रताप के नाम पर कम्यूनिटी सेंटर और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शहजादपुर के सामने सामने सडक़ चौड़ीकरण कर 33 फुट का करने बारे, श्री विश्वकर्मा पंजलासा चौक से फलाईऑवर मुख्य मार्ग तक चार मार्गीय सडक़ निर्माण बारे, अनाज मंडी नारायणगढ़ के सामने मैदान की राशि को विभागों में आपसी स्थानांतरित करके हुए सनातन मैदान बनवाने बारे, राजकीय कॉलेज नारायणगढ़ में बीएड कोर्स को शुरू करवाने तथा परिसर में स्विमिंग पूल और स्केटिंग ग्राउंड बनवाने बारे, नारायणगढ़ में एएनएम व जीएनएम का कोर्स शुरू करवाने और दोनों शहरों में डिजिटल लाइब्रेरी स्थापित करवाने बारे, राजकीय पशु चिकित्सालय व पॉलिक्लीनिक खोला जाए। गांव बधौली में राजकीय आयुर्वेदिक औषधालय बनाई जाए। गांव बड़ागढ में राजकीय पशु अस्पातल बनाया जाए। गांव धनाना में राजकीय पशु औषधालय से राजकीय पशु अस्पताल अपग्रेड किया जाए।